नई सोच, नया आयाम

# जोहार छत्तीसगढ़

RNI No. CHHHIN/2009/35020

दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -16 ◆ अंकः 120 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8

धरमजयगढ़, रविवार 3 मार्च 2024

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -4 पर

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 56 जोड़े वर वधुओं ने किया सामूहिक विवाह




पेज -8 पर

कलेक्टर साहू ने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने की अपील की

## वनों और वन्य जीवों के संरक्षण में जनजाति समाज की अहम भूमिकाः मंत्री केदार कश्यप

**रायपुर।** वनों में रहने वाले जनजाति समुदाय ने कभी भी वनों को हानि नहीं पहुंचाई। वनों पर आधारित जीवन होने के बावजूद सीमित संसाधनों में हमारे पूर्वज जीवनयापन करते आये हैं। हमारे वनवासी और जनजाति समुदाय के लोगों ने वनों को सहेजने का कार्य किया है। प्रत्येक जनजाति समाज के घर-बाड़ी में हमें 20-25 अलग-अलग पेड़ पौधे अवश्य मिलेंगे। जनजाति समाज का प्रकृति के प्रति गहरा प्रेम है। यह बात वन मंत्री श्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित अरण्य भवन में छत्तीसगढ़ बायो डायवर्सिटी बोर्ड एवं सेवावर्धिनी छत्तीसगढ़ के द्वारा 'जनजाति क्षेत्र में जैव विविधता संरक्षण एवं संवर्धन' विषय पर आयोजित कार्यशाला में कही।





वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि जैव विविधता व्यापक और विस्तृत विषय है, सृष्टि के आदर्श स्वरूप के लिये जैव विविधता का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है, इस सन्दर्भ में गीता का एक श्लोक है 'ईश्वर सर्वभूतानां हृदये अर्जुन तिष्ठति' इसका भाव यह है कि प्रत्येक जीव में ईश्वर का वास है। इस दृष्टि से जीव जगत की विविधता ही जगत की सुंदरता है। जैव विविधता पृथ्वी की समृद्धता की परिचायक है, यह प्रकृति की विविध जीवमंडल से सम्बन्धित है। वस्तुतः जैव विविधता पौधों, जानवरों और सूक्ष्म जीव प्रजातियों के बीच के संबंध को दर्शाता है। यह पारिस्थितिकी और आर्थिक महत्व रखता है। यह हमें पोषण आवास, ईंधन, वस्त्र आदि अन्य संसाधन प्रदान करता है, साथ ही जैव विविधता पर्यटन से भी जुड़ा है। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ के परिप्रेक्ष्य में जहां तक जैव विविधता को हम देखें तो गौरव की अनुभूति होती है। छत्तीसगढ़ भारत का 10वां सबसे बड़ा समृद्ध संस्कृति, विरासत एवं आकर्षक प्राकृतिक विविधता से संपन्न राज्य है। दस हजार वर्षों पुरानी सभ्यता के साथ भारत के केंद्र में स्थित यह आश्चर्यों से भरा राज्य उन पर्यटकों को बहुत आकर्षित करता है, जो प्राचीनता का अनुभव प्राप्त करना चाहते हैं। छत्तीसगढ़ एक विशिष्ट भारतीय अनुभव प्रदान करता हैं। देश के सबसे विस्तृत झरने, गुफाएं, हरे-भरे जंगल, प्राचीन स्मारक, दुर्लभ वन्यजीव, उत्कृष्ट नक्काशीदार मंदिर, बौद्ध स्थल और पहाड़ी पठार इस राज्य में विद्यमान हैं। वन मंत्री श्री कश्यप ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 80 प्रतिशत से अधिक जैव विविधता पाई जाती है, जो पूरे देश में कहीं भी नहीं पाई जाती है।

## संक्षिप्त समाचार

### घूमने के बहाने स्कॉर्पियो वाहन कराई बुक, ड्राइवर को नशे की गोली खिलाकर लूट ली गाड़ी

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ के सरगुजा जिले में बदमाशों ने ड्राइवर को नशे की गोली खिलाकर स्कॉरपियो वाहन को लुट लिया। बताया जा रहा है कि, बदमाशों ने वाहन चालक की बेदम पिटाई की।




फिर फिर हाथ-पैर बांधकर रास्ते में छोड़कर फरार हो गए। मौके पर पहुंची सरगुजा पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई। मिली जानकारी के अनुसार, बदमाशों ने सीतापुर थाना के सामने से वाहन की बुकिंग की थी। इसके बाद वे लोग मैनपाट घूमने गए। इसके बाद उन्होंने कट्टे की नोक पर वाहन चालक को नशे की दवाई खिलाई। उसके साथ मारपीट की, हाथ-पैर बांधकर रास्ते में छोड़ दिया और स्कॉरपियो लेकर फरार हो गए।

**मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल को पहुंचाया अस्पताल**- घटना की जानकारी मिलते ही 112 की टीम ने इलाज के लिए घायल चालक को देर रात लखनपुर अस्पताल लेकर पहुंची। इसके बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में जुट गई।

### वन विभाग की लापरवाही बनी काल, युवक को हाथी ने रौंदा, सवालों के घेरे में वन अमला

**सरगुजा.** जिले में लुंड्रा वन परिक्षेत्र में वन विभाग की लापरवाही सामने आई है. जहां दंतैल हाथी के हमले से ग्रामीण की मौत हो गई. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है.



वहीं लोगों में काफी गुस्सा भी देखने को मिल रहा है. बता दें कि पूरा मामला लुंड्रा वन परिक्षेत्र के झेराडीह का है. जहां पिता-पुत्र गेंहू के खेत में सिंचाई कर वापस आ रहे थे. इसी दौरान हादसा हुआ है. वहीं घटना की सूचना पर वनकर्मी और पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया. पुलिस टीम की मौजूदगी में ग्रामीणों की मदद से शव को उसके घर लाया गया. जानकारी के अनुसार, घटना के बाद वन विभाग मुआवजे देने की बात कह रहा है. घटना के बाद लोग सवाल खड़ा कर रहे हैं कि आए दिन हो रहे हादसों के बाद भी वन विभाग इस पर रोक लगाने के लिए क्या कर रहा है.

## छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट पर बीजेपी प्रत्याशी घोषित, कोरबा से लड़ेंगी सरोज पांडेय

**रायपुर।** BJP ने लोकसभा चुनाव-2024 के लिए 195 प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है। पहली लिस्ट में ही छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों पर नाम का ऐलान हो गया है। 2 सांसदों को रिपीट किया गया है। वहीं मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर से लोकसभा चुनाव लड़ाया जा रहा है। 11 सीटों में 3 महिलाओं को बीजेपी ने टिकट दिया है।

### रायपुर से बृजमोहन अग्रवाल ही क्यों?

विधानसभा चुनाव में लगातार बृजमोहन अग्रवाल ने जीत दर्ज की है। 2018 में जब समूचे रायपुर की सीटें कांग्रेस के हाथ में आई तक शहर से इकलौते भाजपा विधायक बृजमोहन ही बने थे। अग्रवाल समाज का जातिगत समीकरण भी भाजपा नजरअंदाज नहीं कर सकती। संगठन और कार्यकर्ताओं में अच्छी पकड़ है। प्रदेश में सबसे ज्यादा मतों के अंतर से विधानसभा चुनाव में जीत हासिल की। रायपुर संभाग के भौगोलिक समीकरण के हिसाब से बृजमोहन को जिम्मा दिया गया है।

### राजनांदगांव में मौजूदा सांसद पर भरोसा

राजनांदगांव से मधुसूदन यादव और पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह भी दौड़ में थे, लेकिन पार्टी ने संतोष पांडे पर भरोसा जताया। चर्चा है कि पार्टी परिवारवाद के आरोप से बचना चाहती थी, इसलिए डॉ. रमन सिंह के बेटे अभिषेक सिंह को टिकट नहीं दी गई। वहीं, मधुसूदन यादव डॉ. रमन सिंह के बेहद करीबी माने जाते हैं। संतोष पांडेय को राजनांदगांव से टिकट देकर पार्टी ने एक संदेश देने का काम किया है कि पार्टी में संतुलन बना रहेगा।

### सरोज पांडेय अब कोरबा से प्रत्याशी

2008 में भिलाई के वैशाली नगर सीट से विधानसभा से चुनाव लड़ा था। बीजेपी ने 2009 में उन्हें महापौर रहते हुए विधायक और दुर्ग सीट से लोकसभा उम्मीदवार के तौर पर खड़ा कर दिया। सांसद रहते ही पार्टी ने उन्हें राष्ट्रीय महिला मोर्चा का अध्यक्ष बनाया।

### मध्य प्रदेश से बीजेपी टिकट

मुरेना से शिवमंगल सिंह सुमन
गुना- ज्योतिरादित्य सिंधिया
ग्वालियर - भारत सिंह कुशवाह
विदिशा - शिवराज सिंह चौहान
भोपाल - आलोक शर्मा
देवास- महेंद्र सिंह सोलंकी
मंदसौर - सुधीर गुप्ता
खजुराओ- वीडी शर्मा
बैतूल - दुर्गादास को टिकट।

### मौजूदा सांसद विजय बघेल पर फिर से भरोसा

विजय बघेल मौजूदा सांसद हैं। 2008 में पहली बार विधायक बने। 2018 में सांसद बने। पूर्व ष्टरू भूपेश बघेल को वर्तमान विधानसभा चुनाव में कड़ी टक्कर दी थी। जातिगत समीकरण भी विजय बघेल के पक्ष में है।

### चिंतामणि महाराज कांग्रेस से बीजेपी में आए

चिंतामणि महाराज को कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं दिया था। वे भाजपा में आ गए। वे सरगुजा से भाजपा की टिकट चाहते थे, लेकिन उन्हें मना लिया गया। आखिरकार उन्हें लोकसभा में मौका दिया गया है। चिंतामणि महाराज को मानने वाले सरगुजा क्षेत्र में बड़ा वर्ग है।

तोखन साहू लोरमी से भाजपा के विधायक रह चुके हैं। इसी क्षेत्र से धर्मजीत सिंह भी जनता कांग्रेस के विधायक हुआ करते थे, जिन्होंने भाजपा जॉइन कर ली और तखतपुर से जीते। लोरमी से अरुण साव ने चुनाव लड़ा जिसके कारण तोखन साहू को मौका नहीं मिला। उन्हें लोकसभा से चुनाव लड़ाकर पार्टी ने तोहफा दिया है।

साल 2013 में लोरमी विधानसभा क्षेत्र से जीतकर विधायक बन चुके साहू इन दोनों बीजेपी में सक्रिय युवा ओबीसी चेहरा है। भारतीय जनता पार्टी ने संगठन में इन्हें किसान मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष भी बना रखा है। इस वजह से इन्हें अब बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र से बड़ी जिम्मेदारी देते हुए सांसद भेजने का मन भाजपा ने बनाया है।

मुंगेली जिले में जन्मे तोखन लाल साहू ने एमकॉम तक पढ़ाई की है साल 2013 में पहली बार विधानसभा में विधायक बने 14-15 में महिलाओं एवं बाल कल्याण संबंधी समिति के सदस्य रहे विधानसभा में सक्रिय समिति के सदस्य रहे 2015 में छत्तीसगढ़ शासन में संसदीय सचिव भी रहे।

**लोकसभा चुनाव छत्तीसगढ़ के सभी 11 सीट पर BJP प्रत्याशी घोषित**

| लोकसभा सीट | घोषित प्रत्याशी | 2019 में जीते | 2019 में हारे |
|---|---|---|---|
| रायपुर | बृजमोहन अग्रवाल | सुनील सोनी (बीजेपी) | प्रमोद दुबे |
| राजनांदगांव | संतोष पांडेय | संतोष पांडेय (बीजेपी) | भोलाराम साहू |
| दुर्ग | विजय बघेल | विजय बघेल (बीजेपी) | प्रतिभा चंद्राकर |
| सरगुजा | चिंतामणि महाराज | रेणुका सिंह (बीजेपी) | खेलसाय सिंह |
| कोरबा | सरोज पांडे | ज्योत्सना महंत (कांग्रेस) | ज्योतिनंद दुबे |
| बिलासपुर | तोखन साहू | अरुण साव (बीजेपी) | अटल श्रीवास्तव |
| महासमुंद | रूप कुमारी चौधरी | चुन्नीलाल साहू (बीजेपी) | धनेंद्र साहू |
| रायगढ़ | राधेश्याम राठिया | गोमती साय (बीजेपी) | लालजीत सिंह राठिया |
| बस्तर | महेश कश्यप | दीपक बैज (कांग्रेस) | बैदूराम कश्यप |
| कांकेर | भोजराज नाग | विक्रम उसेंडी (बीजेपी) | बिरेश ठाकुर |
| जांजगीर | कमलेश जांगड़े | गुहाराम अजगले (बीजेपी) | रवि परसराम भारद्वाज |

### इन राज्यों की सीटों की घोषणा-

गुजरात 15
तेलंगाना में 9
असम 11
एमपी 24
छत्तीसगढ़ 11
यूपी 51
राजस्थान में 15
केरल की 12
बंगाल 20।

### राधेश्याम राठिया को वफादारी का फल

धरमजयगढ़ विधानसभा से लंबे वक्त से विधानसभा चुनाव का टिकट मांग रहे राधेश्याम को वफादारी का फल मिला है। पिछले लोकसभा चुनाव में इन्हें धरमजयगढ़ विधानसभा का चुनाव संचालक भी बनाया गया था। इससे पहले राठिया पूर्व जनपद अध्यक्ष, जिला किसान मोर्चा के महामंत्री भी रह चुके हैं। रायगढ़ क्षेत्र से किसी नए चेहरे को मैदान में उतारने की तैयारी BJP पहले ही कर चुकी थी। राठिया समाज से ताल्लुक रखने वाले राधेश्याम पर इस लोकसभा चुनाव में दांव खेला गया है।





### कमलेश जांगड़े जांजगीर से चुनाव लड़ेंगी

लोकसभा क्षेत्र जांजगीर से सक्ती विधानसभा की कमलेश जांगड़े को मैदान में लाया गया है। कमलेश जांगड़े BJP महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष के रूप में काम कर चुकी हैं। एक बार वे जिला पंचायत का चुनाव हार चुकी हैं।

### रूपकुमारी चौधरी पूर्व विधायक भी रह चुकी हैं

रूपकुमारी चौधरी छत्तीसगढ़ विधानसभा की पूर्व सदस्य हैं। 2013 से 2018 तक बसना विधानसभा क्षेत्र से विधायक रह चुकी हैं। रूप कुमारी भारतीय जनता पार्टी की सक्रिय नेता हैं और मई 2015 से दिसम्बर 2018 तक संसदीय सचिव रह चुकी हैं।

### भोजराज नाग कांकेर से चुनाव लड़ेंगे

भोजराज नाग 1992 में अंतागढ़ के ग्राम हिमोड़ा के सरपंच निर्वाचित हुए थे। इसके बाद साल 2000 से 2005 तक जनपद पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष रहे, 2009 से 14 तक जिला पंचायत सदस्य रहे। 2014 में हुए चर्चित अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव जीतकर विधायक बने। नाग को देवी आती है। बैगा सिरहा भी है।

### महेश कश्यप का है साधारण रहन-सहन

महेश कश्यप जगदलपुर के पास के गांव कलचा के रहने वाले हैं। बेहद ही साधारण परिवार में जन्मे महेश कश्यप कृषक हैं और लंबे समय से भारतीय जनता पार्टी से जुड़े रहे हैं, वर्तमान में विश्व हिंदू परिषद से जुड़े हैं। माना जा रहा है कि RSS और विश्व हिंदू परिषद से जुड़े रहने के कारण महेश कश्यप को भारतीय जनता पार्टी ने टिकट दिया है। साधारण रहन-सहन में रहने वाले महेश कश्यप काफी मिलनसार हैं। उन्होंने अपनी शिक्षा आड़ावाल हाई स्कूल से पूरी की है।

### कांग्रेस ने कहा- जनता का आक्रोश चरम पर

बीजेपी की लिस्ट पर PCC चीफ दीपक बैज ने कहा कि, छत्तीसगढ़ में भाजपा के वर्तमान 9 में से 7 सांसदों की टिकट काटना, स्पष्ट करता है कि मोदी सरकार के खिलाफ जनता का आक्रोश चरम पर है। सबसे ज्यादा बार जीतने वाले विधायक और प्रदेश के शिक्षा मंत्री बृजमोहन अग्रवाल को प्रदेश की राजनीति से बाहर कर रायपुर लोकसभा से उम्मीदवार बनाकर बली का बकरा बनाया गया है। उसी तर्ज पर सरोज पांडे जिसे राज्यसभा भेजे जाने की उम्मीद थी, सरोज पांडे का राजनीतिक क्षेत्र दुर्ग जिला रहा है।

## रायपुर में पकड़ा गया 50 लाख हुक्का, 2 गिरफ्तार

### पान दुकान की आड़ में कर रहे थे प्रतिबंधित नशे का कारोबार, एक ट्रक सामान जब्त

रायपुर। रायपुर में पुलिस ने छापेमारी कर अवैध तरीके से हुक्का बेचने वाले पान दुकान संचालक के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 2 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। छत्तीसगढ़ में हुक्का बैन होने के बाद भी अवैध तरीके से हुक्का, सिगार और अन्य प्रतिबंधित नशे के सामान बेच रहे थे।

दरअसल, जयस्तंभ चौक स्थित मयूरा होटल के पास राज पान पैलेस में अवैध हुक्का बेचने का कारोबार चल रहा था। दुकान और गोडाउन से 1 ट्रक सामान जब्त किया गया है। जब्त किए गए हुक्का और अन्य सामान की कीमत लगभग 50 लाख रुपए बताई जा रही है। एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और गोलबाजार पुलिस की संयुक्त टीम ने कार्रवाई की है। पान दुकान के संचालक अशोक कुमार मंधानी और अनुराग मंधानी को गिरफ्तार कर लिया गया है।



### यह समान हुआ जब्त

पुलिस ने आरोपियों की दुल्हन और उनके घर लाखों से लाखों रुपए कीमत के प्रतिबंधित हुक्का पॉट, पाइप, नोजल, कोल, अलग-अलग प्रकार के फ्लेवर और हुक्का से संबंधित अन्य सामाग्री बरामद कर जब्त किया है। आरोपियों के खिलाफ थाना गोलबाजार में सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पाद अधिनियम 2003 एवं संशोधन अधिनियम 2023 के तहत कार्रवाई की है।

### *इससे पहले भी पकड़ा गया है लाखों का सामान*

*रायपुर पुलिस ने पहले भी राज पान पैलेस के संचालक को अवैध तरीके से होकर होकर सामग्री बेचने के लिए गिरफ्तार किया था। उस समय भी आरोपियों के पास से लाखों के अवैध सामान बरामद किया गया था।*

### *नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान*

*नशे के खिलाफ रायपुर पुलिस निजात अभियान चला रही है। निजात अभियान के तहत पुलिस नशे के अवैध कारोबार करने वाले लोगों की धरपकड़ कर उन्हें जेल भेज रही है।*

## राजिम कुंभ में नागा साधुओं ने निकाली पेशवाई

### अलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र-शस्त्र प्रदर्शन, पूजा-अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को किया स्थापित

रायपुर। छत्तीसगढ़ की धर्मस्व नगरी राजिम में आयोजित राजिम कुंभ कल्प में संतों का आना शुरू हो गया है। कुंभ में 3 मार्च को संत समागम का कार्यक्रम आयोजित होगा। यह कार्यक्रम 8 मार्च तक चलेगा। आज शनिवार को नागा साधुओं ने पेशवाई निकाली, जहां अलौकिक श्रृंगार के साथ अस्त्र-शस्त्र का प्रदर्शन किया गया।



राजिम कुंभ कल्प मेला में जूना, अग्नि और आह्वान अखाड़ों के नागा संत-सन्यासियों सहित महात्माओं ने भगवान दत्तात्रेय का आह्वान किया। यह पेशवाई दत्तात्रेय मंदिर से शस्त्र पूजन कर शुरू किया गया, जो संत समागम स्थित अपने पंडाल में पहुंचे। जहां विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना कर भगवान दत्तात्रेय को स्थापित किया गया। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए गुरुवार-शुक्रवार यानि कुंभ के 7वें दिन को जनकपुरी महाराज, भोलागिरि महाराज, शीतल गिरि महाराज, नागा साधु के अलावा अन्य संत भी पहुंचे थे। इन महाराज और साधुओं के रुकने और इसके साथ ही भोजन, पेयजल की सुविधा शासन उपलब्ध करा रहे हैं।

संतों ने कुंभ में दरबार लगाकर श्रद्धालुओं को आशीष वचन देना शुरू कर दिया है। संत समागम कार्यक्रम के मद्देनजर प्रशासनिक अधिकारी भी अलर्ट मोड में आ गए है। राजिम कुंभ में किसी तरह की अव्यवस्था ना फैले, इसलिए पुलिस बल बड़ी संख्या में तैनात किया गया है।

### शंकराचार्य आएंगे तीन मार्च को

राजिम कल्प कुंभ समिति के सदस्य गिरीश बिस्सा ने बताया कि कुंभ में राजिम कुंभ कल्प में 3 मार्च को शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती और शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती के साथ वृंदावन और मध्यप्रदेश के संत भी पहुंचेंगे। उन्होंने राजिम कुंभ में पहुंचने की सहमति दे दी है। इसके अलावा डासना देवी मंदिर के महंत और श्रीपंचदशनाम जूना अखाड़ा के महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद महाराज, वृंदावन आश्रम के प्रेमानंद महाराज को भी न्योता दिया गया है। मध्यप्रदेश के गुरुशरण शर्मा पंडोखर सरकार भी राजिम पहुंचेंगे।



# राहुल की यात्रा ने जबसे कदम आगे बढ़ाये हैं तबसे उनकी पार्टी पीछे जा रही है

राहुल गांधी इन दिनों भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हैं। बीती 4 जनवरी से पूर्वोत्तर के मणिपुर से शुरू हुई ये यात्रा महाराष्ट्र में जाकर खत्म होगी। यात्रा को लेकर राहुल गांधी और कांग्रेस में भले ही उत्साह हो, लेकिन आम जनमानस में यात्रा को लेकर कोई उत्साह नहीं है। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के उद्देश्य को लेकर घोषणा कुछ भी की हो, लेकिन निश्चित तौर पर इस यात्रा का मकसद उन्हें राजनीतिक तौर पर स्थापित करना है। जहां तक नफरत का माहौल दूर करने की बात है, तो कांग्रेस या किसी भी राजनीतिक दल का परम उद्देश्य यही होना चाहिए।

ये देश का मूल मुद्दा है, स्वस्थ समाज के लिए ये जरूरी है कि उसमें किसी भी तरह की नफरत, वैमनस्य, छुआछूत या घृणा ना हो। लेकिन राहुल गांधी यात्रा के दौरान ऐसी बयानबाजी कर देते हैं जो उनकी मोहब्बत की दुकान की नीति और नीयत को संदेह के कटघरे में खड़ा कर देता है। जहां तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को जोड़ने का सवाल है तो कांग्रेस पार्टी या राहुल गांधी अभी तक इस यात्रा के जरिए विपक्ष को एकजुट करने में बहुत कामयाब नहीं हुए हैं। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा के साथ-साथ कांग्रेस से बाहर निकलने वालों की बाढ़ आ गई है, खासकर दूसरी पीढ़ी के नेताओं की। 14 जनवरी को, जिस दिन यात्रा इंफाल से शुरू हुई, पूर्व करीबी सहयोगी मिलिंद देवड़ा शिवसेना एकनाथ शिंदे गुट में चले गए। 25 जनवरी को यात्रा के असम से रवाना होने के बाद समर्थन बढ़ने की बजाय, दो महिला नेता- असम में अखिल भारतीय महिला कांग्रेस की महासचिव बिस्मिता गोगोई और राज्य युवा कांग्रेस की पूर्व प्रमुख अंगकिता दत्ता भाजपा में चली गईं। गोगोई पूर्व विधानसभा अध्यक्ष जिबकांत गोगोई की बहू हैं और दत्ता असम कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष अंजन दत्ता की बेटी हैं। महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण भी भाजपा में षामिल हो चुके हैं। महाराष्ट्र में अशोक चव्हाण के कांग्रेस छोड़ने को बड़े झटके के तौर पर देखा जा रहा है। दो बार खुद लोकसभा चुनाव जीतकर सांसद बन चुके अशोक चव्हाण को राज्य के मराठवाडा क्षेत्र का बड़ा नेता माना जाता था। वहीं असम में कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष राजा गोस्वामी ने भी बीते दिनों पार्टी को अलविदा कह दिया है।



**उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना।**

कांग्रेस के सामने पार्टी से छिटक रहे नेताओं को रोकने के अलावा इंडिया गठबंधन से अलग हो रहे राजनीतिक दलों को रोकने की भी चुनौती है। दरअसल लोकसभा चुनाव से पहले विपक्षी दलों के इंडी अलायंस गठबंधन को सबसे बड़ा झटका नीतीश कुमार ने दिया है। जेडीयू ने बिहार में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के टूटने के लिए कांग्रेस की हठ और अहंकार को जिम्मेदार ठहराया। जेडीयू ने कहा कि कांग्रेस नेता अपनी पार्टी को मजबूत करने में लगे थे, विपक्षी गठबंधन को नहीं। पश्चिम बंगाल में राहुल गांधी के पहुंचते ही तृणमूल कांग्रेस से गठबंधन टूट गया। बिहार में महागठबंधन की एक बड़ी रैली प्रस्तावित थी, लेकिन यहां राहुल गांधी के पहुंचने से पहले ही नीतीश कुमार की जदयू ने पाला बदल लिया और भाजपा के साथ मिल कर सरकार बना ली।

राजद विपक्ष में आ गई। उत्तर प्रदेश में गांधी परिवार के गढ़ रहे अमेठी में 'वापस जाओ' नारे के साथ राहुल गांधी का स्वागत हुआ, यूपी में उनकी यात्रा में भीड़ नहीं जुटी सो अलग। ऊपर से राहुल गांधी के एक के बाद एक विवादित बयानों के कारण कॉन्ग्रेस को लेकर नकारात्मक माहौल ही बना। उन्होंने अभिनेत्री ऐश्वर्या राय को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी कर दी। साथ ही काशी के युवकों को शराबी व नशेड़ी बता दिया। वहीं पश्चिमी उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीय लोकदल के मुखिया जयंत चौधरी की नजदीकी एनडीए से बढ़ गई है। बीते कई दिनों से उनके बीजेपी के साथ जाने की अटकलें थीं। चौधरी चरण सिंह को केंद्र सरकार की ओर से भारत रत्न की घोषणा के बाद से ये तय माना जा रहा था कि जयंत चौधरी इंडिया गठबंधन का साथ छोड़ देंगे और एनडीए के साथ चले जाएंगे। जयंत चौधरी आने वाले लोकसभा चुनाव में बीजेपी के साथ खड़े दिखाई देंगे। चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इंडिया गठबंधन को बड़ा झटका देते हुए अकेले चुनाव लड़ने का ऐलान किया है। आम आदमी पार्टी और समाजवादी पार्टी के सामने कांग्रेस ने घुटने टेककर किसी तरह गठबंधन किया।

ऐसे में न्याय यात्रा आगे पाट, पीछे सपाट की उक्ति को चरितार्थ कर रही है। इसमें कोई दो राय नहीं है कि 2019 के बाद से भले ही कांग्रेस लगातार कमजोर होती जा रही थी, लेकिन पिछले साल मई में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली बीजेपी को कर्नाटक में हराकर उसने वापसी की उम्मीद जगाई थी। बीजेपी का विरोध करने वाली पार्टियां, भले ही वो कांग्रेस के मजबूत होने से सहमत नहीं थीं, लेकिन उन्होंने इस मौके का फायदा उठाते हुए कांग्रेस के साथ मिलकर चुनाव लड़ने का फैसला किया। इसी से इंडी अलायंसा बना। लेकिन कांग्रेस को लगा कि अगर वो छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश जीत लेती है तो उसे और भी फायदा होगा। राजस्थान में हार के बावजूद भी अच्छी स्थिति रहने से कांग्रेस वापस आ गई का नारा और मजबूत होता और इसका इस्तेमाल सहयोगी दलों पर दबाव बनाने और अपनी कमजोरियों को दूर करने में मदद मिलती। लेकिन ये सोच गलत साबित हुई और कांग्रेस को एक सुनहरा मौका हाथ से निकल गया।

- डॉ. आशीष वशिष्ठ

## संपादकीय

### भारत के धनवान

भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात रिपोर्ट तैयार करने वाले अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है।

एक ताजा रिपोर्ट के मुताबिक भारत में अति धनी व्यक्तियों की संख्या तेजी से बढ़ी है। अगले चार साल में इस तादाद में और भी ज्यादा तेज रफ्तार से बढ़ोतरी होगी। बड़ी तस्वीर तो यह है कि यह वृद्धि दुनिया में सबसे तेज दर से होगी। इस तरह भारत दुनिया में अति धनवान व्यक्तियों की संख्या में सबसे तेज वृद्धि दर दर्ज करने वाला देश बन जाएगा। भारत से जो देश पीछे छूट जाएंगे, उनमें चीन भी शामिल है। भारत में यह दर 50.1 प्रतिशत रहेगी, जबकि चीन में 47 फीसदी। स्पष्टत: भारत ना सिर्फ सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश बना रहेगा, बल्कि सबसे तेजी से अति धनी लोगों की संख्या भी यहीं बढ़ेगी। दरअसल, इन दोनों ही परिघटनाओं में गहरा संबंध है। यह बात नाइट फ्रैंक संस्था के अध्ययनकर्ताओं ने भी कही है, जिनकी ताजा रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि भारत के अति धनवान लोगों के शौक क्या हैं। रिपोर्ट में अति धनवान उन लोगों को माना गया है, जिनके पास तीन करोड़ डॉलर- यानी लगभग सवा दो सौ करोड़ रुपये- से अधिक की संपत्ति है। अब यह देखना दिलचस्प है कि इन लोगों की पसंद क्या है। बताया गया है कि पिछले वर्ष लग्जरी घड़ियों, कलाकृतियों और जेवरात पर इन लोगों के खर्च में क्रमश: 138, 105 और 37 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई। यानी संकेत यह है कि ये लोग किसी उत्पादक कार्य में धन लगाने के बजाय विलासिता पर अधिक खर्च कर रहे हैं।

# खर्च और बचत की अमेरिकी पहेली, जो कोविड के बाद भी बनी हुई है मजबूती का पिटारा

अगर अमेरिका में इस वर्ष मंदी आती है, तो इसकी वजह शायद यह नहीं होगी कि उपभोक्ताओं की खर्च करने की शक्ति एकाएक कम हो गई। हां, अगर बेरोजगारी अचानक ही बढ़ जाती है, तो यह अलग बात होगी। अमेरिकी अर्थव्यवस्था के कुछ संकेत बताते हैं कि उपभोक्ता बेहतर स्थिति में हैं, हालांकि सबसे कमजोर समूहों के लिए जीवन कठिन होता जा रहा है। आर्थिक भविष्यवाणी करने वाली संस्था ऑक्सफोर्ड इकनॉमिक्स के उप मुख्य अमेरिकी अर्थशास्त्री माइकल पीयर्स ने पिछले हफ्ते मुझे बताया कि आर्थिक मुश्किलें देखनी हैं, तो कहीं और देखिए, अमेरिका के परिवारों में यह मिलने वाली नहीं। क्या यह सच है? क्योंकि आंकड़े तो कुछ और ही कह रहे हैं। व्यक्तिगत बचत दर दिसंबर में गिरकर व्यक्तिगत प्रयोज्य आय (करों का भुगतान करने के बाद बची आय) के 3.7 फीसदी पर आ गई है, जो 2022 की गिरावट को छोड़कर 2008 के बाद से सबसे कम थी। उपभोक्ता वित्तीय संरक्षण ब्यूरो ने अपनी दिसंबर की रिपोर्ट में बताया कि भले ही वर्ष 2023 में उपभोक्ता वित्तीय रूप से 2019 की तुलना में औसतन बेहतर स्थिति में थे, लेकिन रुझान नकारात्मक था। नेशनल फाउंडेशन फॉर क्रेडिट काउंसलिंग के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने पिछले हफ्ते कहा कि %हालांकि अर्थव्यवस्था में सुधार के कुछ संकेत हैं, लेकिन हमारा अनुभव बताता है कि कई परिवार अपने बैंक खातों में इस सुधार का असर नहीं देखते हैं। लेकिन, सभी खबरें बुरी नहीं हैं। पिछले वर्ष फेडरल रिजर्व के अर्थशास्त्रियों ने एक अध्ययन किया था, जिसमें अतिरिक्त बचत की शेष राशि का अनुमान लगाया था। अतिरिक्त बचत सामान्य से अधिक उस बचत को कहा गया, जो घरों में महामारी के दौरान जमा हुई थी, जब बहुत सारी प्रोत्साहन राशि आ रही थी और इसे खर्च करने के



***विश्व की सबसे शक्ति शाली अर्थव्यवस्था में मंदी की आहट बेशक सुनाई दे रही हो, परिवारों की कम होती बचतें जिसकी तस्दीक भी कर रही हों, लेकिन कोविड के बाद से जिस तरह परिवारों के खर्चों का पैटर्न बदला है, वह बताता है कि अमेरिका अब भी मजबूत बना हुआ है।***

अवसर अपेक्षाकृत कम थे। अतिरिक्त बचत को मापना सामान्य बचत की परिभाषा पर निर्भर है, जो मुश्किल है। फेड के अध्ययन ने पाया कि यदि आप 1950 के बाद से पूरी अवधि के लिए बचत पैटर्न का उपयोग करके सामान्य बचत को परिभाषित करते हैं, तो अतिरिक्त बचत निश्चित ही बढ़ी है। पर अगर आप 1990 के पैटर्न का उपयोग करते हैं, तो परिवारों के पास अब भी अमेरिका की जीडीपी का चार फीसदी बचत के रूप में है, जिससे उनके पास खर्च करने की पर्याप्त शक्ति बची हुई है।

भले ही आप अतिरिक्त बचत का सटीक आंकड़ा पाने में कामयाब हो जाएं, फिर भी आर्थिक दृष्टिकोण के बारे में बहुत ज्यादा नहीं जान पाएंगे, क्योंकि बचत और खर्च के बीच संबंध पेचीदा है। फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ रिचमंड के एक वरिष्ठ नीति-अर्थशास्त्री जॉन ओ%ट्रैकॉन ने बताया कि %बचत दर में कुछ हद तक वह आकर्षण नहीं है कि हम सामान्य बचत पर विचार कर सकें।% खर्च करने के लिए धन भी मायने रखता है। शेयर बाजार और आवास बाजार में उछाल ने लोगों को अमीर होने का अहसास कराया है, जिसने उन्हें खर्च करने के लिए प्रोत्साहित किया है। ओ%ट्रैकॉन ने बताया कि %महामारी के बाद से संपत्ति के मूल्य में वृद्धि हमें बताती है कि कुछ समय के लिए खर्च का स्तर महामारी से पहले की तुलना में बढ़ जाएगा। हालांकि बढ़ती संपत्ति से सबको समान या लगातार लाभ नहीं हुआ है। 2022 के बाद से कुछ बड़े बदलाव हुए हैं। एक आंकड़ा बताता है कि आय के हिसाब से करीब पांच फीसदी परिवारों को 2022 की तीसरी तिमाही के दौरान महामारी की शुरुआत से सबसे बड़ा धन लाभ हुआ था, लेकिन उसके बाद से लगभग कोई लाभ नहीं हुआ। दूसरा आंकड़ा बताता है कि जिन परिवारों के मुखिया 40 वर्ष से कम उम्र के हैं, उन्हें पहली अवधि में संपत्ति में काफी लाभ हुआ, लेकिन उसके बाद बहुत कम। इससे यह बात समझ में आती है कि महामारी के दौरान युवा परिवारों को प्रोत्साहन राशि मिलने की संभावना अधिक थी। लेकिन उनके पास अपना घर या स्टॉक रखने की संभावना नहीं थी, इसलिए संपत्ति बाजार में उछाल का उन्हें उतना लाभ नहीं हुआ। यदि परिवारों की संपत्ति का मूल्य नहीं बढ़ा, तो उनके द्वारा खर्च में कटौती की आशंका अधिक रहेगी। अपना पहला घर खरीदने की उम्मीद कर रहे लोग ऊंची कीमतों और ऊंची गिरवी (ब्याज) दरों से पहले ही परेशान हो चुके हैं।

जलज मिश्रा

## मिला जुला

### एक नजर

मोदी सरकार का बड़ा कदम

#### निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ प्रमुख पदों पर होंगे भर्ती



**नई दिल्ली** । शासकीय कार्यों की सुगमता को और बेहतर बनाने के वास्ते मोदी सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत निजी क्षेत्र के 25 विशेषज्ञ जल्द ही केंद्र में प्रमुख पदों पर नियुक्त किए जाएंगे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता वाली मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति (एसीसी) ने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में तीन संयुक्त सचिवों और 22 निदेशकों/उप सचिवों की नियुक्ति को मंजूरी दे दी है।

आमतौर पर संयुक्त सचिव, निदेश और उप सचिव के पद अखिल भारतीय सेवाओं भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस), भारतीय वन सेवा (आईएफओएस) और समूह ए की अन्य सेवाओं के अधिकारियों के पास होते हैं।

*लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग हुआ सख्त,*

#### मंदिर-मस्जिद को लेकर जारी किए निर्देश

**नई दिल्ली** । चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले स्टार प्रचारकों और उम्मीदवारों को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर सख्त चेतावनी दी है। चुनाव आयोग ने कहा कि वह आचार संहिता के किसी भी अप्रत्यक्ष उल्लंघन का आकलन करेगा। आयोग ने इसके साथ ही सभी नेताओं को कार्रवाई से बचने के लिए पूर्व में अपनाए गए तरीकों से दूर रहने कहा है।

एडवाइजरी में 'मतदाताओं की जाति या सांप्रदायिक भावनाओं के आधार पर' कोई अपील न करने की सलाह दी है।

### पीएम के सामने बोले नीतीश-अब कहीं नहीं जाऊंगा

# बिहार को पुराने दौर में नहीं लौटने देंगे, एनडीए से परिवारवादी डरे- मोदी

औरंगाबाद/ बेगूसराय। पीएम नरेंद्र मोदी 18 महीने बाद फिर बिहार दौरे पर हैं। औरंगाबाद में पीएम ने बिहार समेत देश की 1.81 लाख करोड़ से अधिक की योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। पीएम ने भोजपुरी से अपने भाषण की शुरुआत की।




मंच से कहा कि बिहार को पुराने दौर में नहीं जाने देंगे। वहीं तेजस्वी का नाम लिए बिना कहा कि परिवारवाद के कारण लोग सत्ता में तो आ जाते हैं, लेकिन अपने माता-पिता के कार्यकाल का जिक्र तक नहीं कर पाते। एनडीए की बढ़ती ताकत से परिवारवादी डरे हुए हैं।

औरंगाबाद में मंच पर पीएम का स्वागत किया गया। इस दौरान सीएम नीतीश भी उन्हें माला पहना रहे थे, लेकिन पीएम ने उनका हाथ पकड़कर अपने साथ माला के अंदर खड़ा किया। मंच से नीतीश कुमार ने कहा कि मैं कुछ दिन पहले उधर चला गया था। अब आपको आश्वस्त करता हूं कि कहीं नहीं जाऊंगा। आप 400 सीटें जीतेंगे। औरंगाबाद के बाद बेगूसराय में सभा करेंगे। बेगूसराय के उलाव एयरपोर्ट पर पीएम 4.30 बजे पहुंचेंगे। यहां भी उनकी रैली होनी है। इससे पहले पीएम मोदी जुलाई 2022 में बिहार आए थे। उस वक्त भी बिहार में एनडीए की ही सरकार थी। एक बार फिर से जब पीएम आ रहे हैं, तब भी यहां एनडीए की ही सरकार है। महागठबंधन सरकार के दौरान पीएम एक बार भी बिहार नहीं आए थे।






**पीएम मोदी के भाषण की पांच बड़ी बातें**

1. **राम मंदिर-** पीएम मोदी ने अयोध्या में रामलला मंदिर की बात की। उन्होंने कहा कि रामलला विराजित हुए, तो स्वाभाविक है कि सबसे ज्यादा खुशी माता सीता की धरती पर ही मनाई जाएगी।
2. **भाजपा नहीं, NDA की बात की-** पीएम मोदी ने बिहार में विकास कार्यों के लिए NDA को श्रेय दिया। उन्होंने कहा कि बिहार में फिर डबल इंजन ने रफ्तार पकड़ ली है। उन्होंने मोदी की गारंटी की बात की, लेकिन भाजपा की जगह एनडीए हर बार कहा।
3. **लालू परिवार पर निशाना-** पीएम मोदी ने बिहार लूटने और परिवारवाद की राजनीति के बहाने लालू परिवार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि परिवारवाद से गद्दी मिल जाती है, लेकिन माता-पिता की सरकार के कार्यों को गिनाने की हिम्मत नहीं हो पाती है। यह निशाना तेजस्वी पर था।
4. **जंगलराज-** पीएम मोदी ने कहा कि पुराने दौर में शाम को लोग घरों से नहीं निकलते थे। युवा पलायन करते थे। अब बिहार में पर्यटन की संभावनाएं विकसित हो रही हैं। रोजगार के लिए स्किल प्रोजेक्ट चला रहे हैं।
5. **विकास-** पीएम मोदी ने बिहार में चल रहे विकास कार्यों का ब्योरा दिया। आने वाले समय में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर शुरू होने वाली परियोजनाओं को मंच से गिनाया। उन्होंने उज्जवला योजना, आयुष्मान भारत योजना पर भी बात की।

# जयंत सिन्हा ने राजनीतिक जिम्मेदारी छोड़ने की पेशकश की

नड्डा को लिखा- चुनावी दायित्वों से मुक्त करें; गंभीर ने भी यही बात कही

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के लिए भाजपा की पहली लिस्ट जारी होने से पहले सांसद स्वेच्छा से राजनीतिक जिम्मेदारियां छोड़ना चाहते हैं। 2 मार्च को सुबह पहले दिल्ली ईस्ट से भाजपा सांसद गौतम गंभीर ने भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा को सोशल मीडिया पर राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त करने की बात कही। इसके बाद दोपहर में हजारीबाग (झारखंड) से सांसद जयंत सिन्हा ने भी भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से रिक्वेस्ट की कि उन्हें राजनीतिक जिम्मेदारियों से मुक्त कर दिया जाए। फरवरी में जयंत सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ सांसद का पुरस्कार दिया गया था। जयंत अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में मंत्री रहे यशवंत सिन्हा के बेटे हैं। सिन्हा ने ङ्ग पर लिखा- मेरा पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से निवेदन है कि मुझे चुनावी दायित्वों से मुक्त करें। मैं ग्लोबल क्लाइमेट चेंज से जुड़े भारत और दुनिया में चल रहे काम पर फोकस करना चाहता हूं। मैं पार्टी के इकोनॉमिक और गवर्नेंस से जुड़े काम करता रहूंगा। बीते 10 साल में मुझे देश और हजारीबाग के लोगों के लिए काम करने का मौका मिला। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह ने जो मौके दिए, उसके लिए आभारी हूं।



आप नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें और बढ़ीं

# तिहाड़ जेल में ठग सुकेश चंद्रशेखर से उगाही मामले की होगी सीबीआई जांच

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन की मुश्किलें और बढ़ गई हैं। दिल्ली के एलजी ने तिहाड़ जेल में बंद सत्येंद्र जैन के खिलाफ एक और केस में सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। जैन फिलहाल एक मनी लॉन्ड्रिंग केस में न्यायिक हिरासत में हैं। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने शनिवार को आप नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण





(पीओसी) अधिनियम के तहत सीबीआई जांच की मंजूरी दे दी है। जैन पर तिहाड़ जेल में बंद रहने के दौरान कथित तौर पर ठग सुकेश चंद्रशेखर से प्रोटेक्शन मनी के रूप में 10 करोड़ की उगाही करने का आरोप है। ठग सुकेश चंद्रशेखर जो उस समय तिहाड़ जेल में बंद था, उसने साल 2022 में दिल्ली के एलजी को एक पत्र लिखकर सत्येंद्र जैन पर प्रोटेक्शन मनी के रूप में 10 करोड़ रुपये की उगाही करने का आरोप लगाया था।

बेंगलुरु रामेश्वरम कैफे ब्लास्ट

### सीसीटीवी में आरोपी का चेहरा आया सामने- एआई की मदद से पहचान करेगी पुलिस

**बेंगलुरु** । बेंगलुरु के मशहूर रामेश्वरम कैफे में हुए आईडी ब्लास्ट में 10 लोग घायल हो गए हैं। कैफे में हुए ब्लास्ट की लेटेस्ट वीडियो भी सामने आई है। हालांकि सीसीटीवी फुटेज में आरोपी का चेहरा साफ नहीं दिख सका। ऐसे में पुलिस अब आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस (AI) की मदद से आरोपी की पहचान करेगी। शुरुआती जांच में सामने आया है कि आरोपी 25 से 30 साल का शख्स है। कर्नाटक के डिप्टी CM डी शिवकुमार ने कहा कि पुलिस ने आरोपी की पहचान कर ली है।

# अयोध्या के राम मंदिर में रामलला के करें दर्शन, चलने जा रही है वंदे भारत

अयोध्या। अयोध्या में भगवान राम का मंदिर जब से बना है, तब से वहां पहुंचने वाले भक्तों की संख्या में जबरदस्त इजाफा हुआ है। नई ट्रेनों को भी चलाया जा रहा है ताकि ज्यादा से ज्यादा लोग भगवान राम के दर्शन कर सकें।





अब बिहार की राजधानी पटना से अयोध्या होकर लखनऊ एक वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत होने जा रही है। इस ट्रेन के लॉन्च होने से न सिर्फ जो भक्त अयोध्या जाना चाहते हैं, वे जा सकते हैं, बल्कि लखनऊ तक की यात्रा आसान हो जाएगी। पटना से लखनऊ वाया अयोध्या होकर चलने वाली वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत जल्द की जा सकती है। इसके लिए वंदे भारत की नई रेक भी पटना जंक्शन शनिवार को पहुंच जाएगी। सूत्रों के अनुसार, अगले हफ्ते ही पटना-लखनऊ वंदे भारत ट्रेन की शुरुआत की जा सकती है। बता दें कि इस समय पटना से रांची और पटना से हावड़ा वंदे भारत ट्रेन का संचालन किया जा रहा है, जिससे लाखों यात्रियों को फायदा मिल रहा है।

# श्री नारायणा हॉस्पिटल की मनमानी आयुष्मान कार्ड से इलाज होने पर और अतिरिक्त पैसा लेने का आरोप

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।




मामला रायपुर राजधानी का है जहां पर बहुचर्चित हॉस्पिटल नारायणा देवेंद्र नगर का मामला है जहां पर एक मरीज हेमंत यादव निवासी फुटगुना पिथौरा से है जिसका एक्सीडेंट होने के बाद इलाज आयुष्मान कार्ड बीपीएल योजना के अंतर्गत नारायण हॉस्पिटल देवेंद्र नगर में चल रहा था इलाज के दौरान मरिज के परिवार वालों से हॉस्पिटल प्रबंधक के द्वारा 57328 नगद राशि के रूप में पहले से ही जमा जमा कराया गया था। इलाज के बाद जब हेमंत यादव को हॉस्पिटलके द्वारा डिस्चार्ज होने पर 140000 रुपए बिल भुगतान होने के बाद डिस्चार्ज किया जाएगा ऐसा बोला गया। जिसमें परिवार वालों के द्वारा बोला कि शासन के योजनाओं के द्वारा आयुष्मान कार्ड बनाया गया है जिसमें नि:शुल्क इलाज की बातें सरकार के द्वारा की जाती है। तो यहां पर हम लोग आपको नगद पैसा क्यों दे इस प्रकार की बातें परिवार वालों के द्वारा हुआ पैसा लेनदेन की बातें होने पर हॉस्पिटल प्रबंधक व परिवार वालों के साथ नोंक झोंक की स्थिति निर्मित हो गई स्थिति को देखते हुए मरिज के परिवार वालों द्वारा छत्तीसगढ़िया युवा क्रांति सेना को बुलाया गया। जिसमें हॉस्पिटल प्रबंधक ने दबाव में आकर मरिज को बिना पैसे के हॉस्पिटल से डिस्चार्ज कर दिया गया। परिवार वालों द्वारा युवा छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के फार्मासिस्ट राहुल वर्मा

संयोजक छत्तीसगढ़िया युवा क्रान्ति सेना रायपुर जिला व सेनानियों को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के लोगों ने कहा की शासन की योजनाओं को क्रियान्वन करने के लिए सरकार के द्वारा आयुष्मान कार्ड में 5 लाख तक किया नि:शुल्क का इलाज की दवा करती है और इस शर्त के आधार पर कोई भी अस्पताल प्रबंधक आयुष्मान कार्ड में जिसका इलाज हो रहा है उससे अधिक पैसा नहीं ले सकता। इसी नियम के तहत आपको सहायता दी गई है अगर किसी भी प्रकार की परेशानी होती है तो हम सभी छत्तीसगढ़िया भाई आपके साथ खड़े हैं, इस प्रकार भरोसा मरिज के परिवार वालों को दिलाया गया। क्योंकि अस्पताल प्रबंधन के द्वारा पहले से ही 57328 रुपए मरिज के परिजनों से ले चुके राशि के बदले जो बिल दिए थे उसे अस्पताल प्रबंधन के द्वारा वापस जमा ले लिया गया। लेकिन उनका जो पैसा जमा है उसे वापस अभी तक नहीं दिया गया है जीस पर क्रांति सेना के सदस्यों ने कहा कि आपकी मांगे जल्द पूरी की जाएगी।

## निजी अस्पतालों द्वारा क्यों नहीं हो रहा शासन की योजनाओं पालन

मामला राजधानी का है जहां पर हॉस्पिटलों का बहुत सारे समूह है हॉस्पिटल है जहां पर मरीजों का इलाज फ्री में आयुष्मान कार्ड के माध्यम से होना सरकार के द्वारा सुनिश्चित किया गया है। उसके बावजूद भी निजी अस्पतालों के द्वारा मरीजों से क्यों पैसे वसूले जा रहे हैं इस प्रकार अस्पतालों के द्वारा मरीजों से अवैध रूप से पैसा लूटने का धंधा कब बंद होगा। यह बात विधानसभा में भी उठना था लेकिन अभी तक कोई जवाब नहीं आया है ऐसे बड़े-बड़े अस्पतालों को आयुष्मान कार्ड के द्वारा जो सेवा दे रहे हैं उसे सरकार को जल्द से जल्द बंद करनी चाहिए। जबकि इस प्रकार की अनैतिक कार्यों को नियंत्रण करने के लिए सरकार के द्वारा प्रत्येक जिले में नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है उसके बावजूद भी इस प्रकार की शिकायतें आ रही है। जिसमें नोडल अधिकारी को तुरंत संज्ञान में लेते हुए शिकायत की जांच करनी चाहिए जिससे गरीब लोगों को फ्री में इलाज हो सके। अब सोचने वाली बात यह होगी कि खबर प्रकाशन के बाद क्या निजी अस्पताल प्रबंधन के द्वारा इस प्रकार की लूट बंद होती है या नहीं वह बाद में प्रकाशित किया जाएगा

## सरकार के दिशा निर्देश

अब बात करते हैं सरकार द्वारा आयुष्मान कार्ड को लेकर कुछ दिशा निर्देशों की प्रक्रिया की तो सरकार द्वारा पहले ही मरिज का आयुष्मान कार्ड से इलाज होता है उसका पैकेज पहले ही सरकार तैयार कर चुकी है और निजी अस्पतालों को यह दिशा निर्देश भी है कि पैकेज के अलावा मरीज से पैसा नहीं लेने है उसमें दिशा निर्देश दिए गए हैं। शिकायत की जानकारी प्राप्त हुआ था। मरिज के परिवार वालों को बोला गया था कि पैसा नहीं देना है तथा अस्पताल प्रबंधकको निर्देशित किया गया था कि इससे पैसा नहीं लेना है जिस पर अस्पताल प्रबंधक द्वारा बिना पैसा लिए मरीज की छुट्टी की गई थी अगर पैसे की लेनदेन हुआ है तो रसीद प्रस्तुत करने पर पैसा वापसी किया जाएगा। अगर लिखित शिकायत होती है तो उचित कार्रवाई भी किया जाएगा। जिला आयुष्मान अधिकारी यह जानकारी फोन के माध्यम से ली गई है।

## एक नजर

### सरकंडा क्षेत्र में नहीं होगा अब पावर आफ की समस्या, नए विद्युत सब-स्टेशन का निर्माण शुरू



**बिलासपुर** । सरकंडा परिक्षेत्र के मुक्तिधाम के पीछे 33 / 11 केवी का विद्युत सब स्टेशन निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुक्रवार से शुरू कर दिया गया है। इसके तहत सब्जी बाजार के लिए बनाए गए 10 चबूतरे के साथ ही शौचालय को तोड़कर दिया गया है। वहीं अब उक्त स्थान पर सब-स्टेशन की निर्माण प्रक्रिया चालू कर दी गई है। सब-स्टेशन के बनने और इसके काम करने के साथ ही सरकंडा परिक्षेत्र के रहवासियों को पावर कट की समस्या से निजात मिल पाएगी। विद्युत विभाग के अधिकारी और नगर निगम के जनप्रतिनिधियों ने इस सब स्टेशन के लिए 40 बाई 60 की जमीन का पहले ही चिन्हांकन कर चुके है। लेकिन इस जमीन पर नगर निगम की ओर से सब्जी बाजार के लिए बनाए गए कुछ चबूतरे के साथ ही एक बंद पड़े शौचालय भी आ रहा था।

ऐसे में इसकी जानकारी निगम प्रबंधन को दी गई थी और जगह से चबूतरा व शौचालय हटाने की मांग रखी गई थी। ताकि जल्द से जल्द सब-स्टेशन की निर्माण शुरू किया जा सके। इसी के तहत शुक्रवार को नगर निगम की टीम एक्सीवेटर लेकर मौके पर पहुंची। जहां पर बिजली कंपनी के अधिकारी और क्षेत्र के पार्षद विजय ताम्रकार भी मौजूद रहे। इस दौरान चबूतरा और शौचालय तोड़ कर जगह को साफ किया गया है। सब स्टेशन को लेकर बिजली कंपनी के अधिकारियों का कहना है कि सब-स्टेशन को दो महीने के भीतर तैयार कर इसे चालू भी कर दिया जाएगा। इससे क्षेत्र में लो-वोल्टेज के साथ ही पावर कट की समस्या से रहवासियों को छुटकारा मिलेगा। सब-स्टेशन दो करोड़ की लागत से तैयार किया जाएगा। इसके लिए जमीन चयनित कर ली गई है। वहीं एक-दो दिन के भीतर सीमांकन की प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। इसके बाद निर्माण संबंधी सामान मौके पर भेजकर सब-स्टेशन का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। ऐसे में यह सरकंडा क्षेत्र के रहवासियों के लिए बड़ी सुविधा साबित होगी।

### नक्सलियों ने भाजपा नेता को उतारा मौत के घाट

**बीजापुर** । छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित क्षेत्र बीजापुर से एक बड़ी खबर सामने आई है। एक बार फिर से नक्सलियों ने कायराना करतूत करते हुए भाजपा नेता पर जानलेवा हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गई है। बताया जा रहा है कि शादी समारोह में शामिल होने गए जनपद सदस्य और सहकारिता प्रकोष्ठ समिति के संयोजक तिरुपति कटला पर नक्सलियों ने प्राणघातक हमला किया है। जिसमें वह गभीर रूप से घायल हो गए और मौके पर ही मौत हो गई। यह पूरा मामला तियानार थाना क्षेत्र का है। बता दें कि प्रदेश के गृहमंत्री विजय शर्मा के शांति वार्ता प्रस्ताव के बीच नक्सलियों के स्माल एक्शन की टीम ने बड़ी घटना को अंजाम दिया है। हाल ही में गृहमंत्री ने नक्सलियों से बातचीत करने की पहल की थी। इस बीच आज माओवादियों ने जनपद सदस्य और सहकारिता प्रकोष्ठ समिति के संयोजक तिरुपति कटला पर धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी।

# महतारी बंदन योजना के हितग्राहियों के लिए 3 मार्च रविवार को खुलेंगे सभी बैंक

## कलेक्टर के निर्देशानुसार अग्रणी बैंक के प्रबंधक ने जारी किया आदेश

**गौरेला पेंड्रा मरवाही** । महतारी बंदन योजना के तहत बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय करने के लिए केवल महिलाओं के लिए 3 मार्च रविवार को जिले के सभी बैंक खुलेंगे। महिलाओं की सुविधा के लिए कलेक्टर लीना कमलेश मंडावी के निर्देशानुसार अग्रणी बैंक (भारतीय स्टेट बैंक) के प्रबंधक ने जिले में स्थित सभी बैंकों को रविवार को खोलने आदेश जारी कर दिया है। अग्रणी बैंक प्रबंधक ने जिले में स्थित सभी बैंकों के क्षेत्रीय प्रबंधक, नोडल अधिकारी, मुख्य प्रबंधक एवम शाखा प्रबंधक को परिपत्र जारी कर सभी बेकर्स से अनुरोध किया गया है कि महतारी बंदन योजनांतर्गत आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय करने के लिए रविवार 3 मार्च 2024 को बैंक शाखा खोलना सुनिश्चित करें और रविवार को बैंक शाखाओ में कितने महिलाओं का बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय किया गया है, इसकी जानकारी समस्त बैंक शाखायें 3 मार्च को ही कार्य दिवस की समाप्ति के बाद अग्रणी बैंक कार्यालय को ईमेल के माध्यम से भेजना सुनिश्चित करें।

# एसडीएम व तहसील कार्यालयों में लंबे समय से एक ही जगह जमे बाबुओं के बाद अब 38 राजस्व निरीक्षकों का तबादला आदेश जारी

**बिलासपुर** । एसडीएम व तहसील कार्यालयों में लंबे समय से एक ही जगह जमे सहायक ग्रेड दो व तीन का बड़े पैमाने पर तबादला के बाद कलेक्टर अवनीश शरण ने राजस्व निरीक्षकों का स्थानांतरण आदेश जारी किया है। 38 राजस्व निरीक्षकों को इधर से उधर कर दिया है। जारी स्थानांतरण आदेश में साफ कहा है कि नवीन पदस्थापना वाले स्थान पर तत्काल ज्वाइनिंग देनी होगी। कार्यभार ग्रहण ना करने की स्थिति में अनुशासनात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी है।




## इन राजस्व निरीक्षक मंडल में हुआ तबादला :-

अशोक कुमार सोनी जयरामनगर, मोतीलाल कुर्रे सरकंडा, मनीष शुक्ला बरतोरी, अनंत सुशील एक्का सिरगिट्टी, पीयूष दीवान खम्हरिया, अखिलेश साहू पेंडारी, विकास तिवारी टेंगनमाड़ा, मुकेश साहू नगोई, सतीश कश्यप चपोरा, परमेश्वर साहू बेलतरा, मीना पांडेय कोटा, अमित गुप्ता सकरी, महेंद्र मिश्रा वर्कलोड राजस्व निरीक्षक, रमेश कुमार नायक वर्कलोड राजस्व निरीक्षक, अब्दुल कदीर मानिकचौरी, कमलकिशोर कौशिक बेलगहना, विघ्नेश ठाकुर मल्हार, धारा वर्मा अमसेना, संध्या नामदेव सीपत, राजेश चंदेल नजूल शाखा, रामरतन आदिल तखतपुर, कुलदीप शर्मा कोनी, राजेश शुक्ला मस्तूरी,सुरेश ठाकुर बेलपान, मयंक शुक्ला नजूल शाखा कोटा, शैलेष गढ़ेवाला बोदरी, सविता मरावी डायवर्सन बिलासपुर, होमेश्वर प्रताप सिंह गनियारी, मिनाक्षी तिवारी बिल्हा, देवीप्रसाद पैकरा करगीकला, प्रियंका श्रीवास्तव दगोरी, मयंक मणी दुबे नजूल शाखा बिलासपुर, सुनील कश्यप डायवर्सन बिलासपुर, उत्तम देवांगन रतनपुर, गौरव गुलहरे डायवर्सन तखतपुर, जवाहर भतपहरे पटवारी प्रभारी विजयपुर, राजेंद्र पांडेय पटवारी प्रभारी चिल्हाटी पचपेड़ी, विजय कुमार जोशी डायवर्सन बिलासपुर।

# बिलासपुर के प्राध्यापक को मिला राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान

**बिलासपुर।** दिनांक 28/2/2024 को 2orthy wellness foundation trust की ओर से आयोजित राष्ट्र सम्मान समारोह में गुरु घासीदास विश्वविद्यालय की पत्रकारिता एवं जन संचार विभाग की प्राध्यापक डॉ अनुपमा कुमारी को राष्ट्रीय प्रतिभा सम्मान (An e&clusive A Global award) से सम्मानित किया गया । यह सम्मान उन्हें अपने-अपने विषय में विशेष योगदान देने, शिक्षण में नवीन प्रयोग करने एवं विद्यार्थियों के भविष्य को उज्जवल





बनाने में सराहनीय योगदान प्रदान करने की सराहना के लिए किया



गया. इससे पूर्व भी इन्हें कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया जा चुका है। अकादमिक जगत के अलावा पत्रकारिता के क्षेत्र में भी उन्हें दर्जन भर फेलोशिप तथा कई राष्ट्रीय अन्तर राष्ट्रीय पुरस्कार मिले हैं।

# युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला, आरोपित गिरफ्तार

**बिलासपुर** । सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली युवती को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी। इस बीच आरोपित फरार हो गया। पुलिस की टीम ने गुरुवार की रात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है। सिविल लाइन क्षेत्र में रहने वाली युवती ने बताया कि उसकी पहचान लोरमी क्षेत्र के




सरिसताल में रहने वाले भूपेंद्र पटेल(27) से थी। युवती फरवरी 2021 में युवक के ईमलीपारा स्थित रूम में टिफीन पहुंचाने के लिए गई थी। इस दौरान भूपेंद्र अपने रूम में अकेला था।

इसका फायदा उठाते हुए उसने युवती से जबरन शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद वह शादी की बात कहते हुए युवती का शारीरिक शोषण करने लगा। युवती ने शादी के लिए दबाव बनाया तो उसने बातचीत बंद कर दी। युवती ने पूरे मामले की शिकायत सिविल लाइन थाने में की। इस पर पुलिस ने दुष्कर्म का मामला दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी।

इधर मामला दर्ज होने की जानकारी मिलने पर आरोपित अपने ठिकाने से फरार हो गया। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि आरोपित पुराना बस स्टैंड के पास घूम रहा है। जवानों ने घेराबंदी कर आरोपित को पकड़ लिया। आरोपित को न्यायालय में पेश किया गया है।

# बेटे की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाकर ग्रामीणों ने घेरा एसपी कार्यालय

बिलासपुर । बेटे की हत्या कर फांसी पर लटका देने का आरोप लगाते हुए बेलसरी के ग्रामीणों ने शुक्रवार को एसपी कार्यालय का घेराव कर दिया। एसपी रजनेश सिंह ने मामले की जांच की डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराने का आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।





तखतपुर क्षेत्र के ग्राम बेलसरी में रहने वाले योगेश खांडे की लाश गुरुवार की सुबह फांसी के फंदे पर लटकते हुए मिली है। इसकी सूचना पर पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पीएम कराया है। इधर योगेश के पिता राजू खांडे और मां सरस्वती खांडे ने अपने बेटे की हत्या कर फांसी पर लटकाने का आरोप लगाया है। गुरुवार की शाम स्वजन ने तखतपुर थाने का घेराव कर एक्सपर्ट से पीएम कराने की मांग की। इस पर पुलिस ने शुक्रवार की सुबह शव सिम्स भेज दिया। सिम्स में डाक्टरों की टीम बनाकर पीएम कराने तैयारी की जा रही थी। इस बीच बड़ी संख्या में ग्रामीण और युवक के स्वजन एसपी कार्यालय पहुंच गए। ग्रामीणों ने हत्या का मामला दर्ज कर संदेहियों को गिरफ्तार करने की मांग की। इस पर एसपी रजनेश सिंह मृतक के स्वजन से मिले। उन्होंने पूरे मामले की जांच डीएसपी रैंक के अधिकारी से कराने का आश्वासन दिया है। इसके बाद ग्रामीण शांत हुए।

एएसपी ग्रामीण अर्चना झा ने बताया कि स्वजन के आरोप पर दूसरी बार पीएम कराने की तैयारी की जा रही थी। इसी बीच स्वजन ने पीएम कराने से इन्कार कर दिया। स्वजन की मांग पर पुलिस की टीम पूरे मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार को एफएसएल की टीम को मौके पर भेजा गया। इसके साथ ही आसपास के सीसीटीवी कैमरे का फुटेज निकाला जा रहा है, साथ ही मृतक के मोबाइल का काल डिटेल निकाला गया है। इसकी जांच की जा रही है।

## न्याय मिलने तक नहीं होगा अंतिम संस्कार

*मृतक के पिता राजू खांडेकर ने एसपी रजनेश सिंह से मिलकर अपनी बात रखी। इसके बाद उन्होंने कहा कि उनके बेटे को गांव का एक व्यक्ति अपने साथ लेकर गया था। उसकी गिरफ्तारी होनी चाहिए। इसके अलावा एक अन्य संदेही पर उन्होंने घटना में शामिल होने का आरोप लगाया है। मृतक के पिता ने कहा कि जब तक उनके बेटे को न्याय नहीं मिलेगा शव का अंतिम संस्कार नहीं किया जाएगा। शुक्रवार को स्वजन ने युवक का अंतिम संस्कार नहीं किया है।*

# जेल निरीक्षण समिति द्वारा जिला जेल खोखरा और उपजेल सक्ती का किया गया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा** / सर्वोच्च न्यायालय के मार्ग दर्शन के अनुक्रम में जेलों में निरूद्ध बच्चों के सत्यापन के लिए जिला जेल खोखरा एवं उप जेल सक्ती का निरीक्षण किया गया। जिला बाल संरक्षण अधिकारी ने बताया कि सभी बैरकों में समस्त बंदियों से उम्र संबंधी जानकारी लिये गये। जहां 01 बच्चे की उम्र विधि के उल्लंघन करने वाले किशोर के रूप में संदेहास्पद पाये गये। जिनका उम्र सत्यापन कराया जाएगा। कुछ बंदियों द्वारा अवगत कराया गया कि उनके निवास स्थान में बच्चों का पालन-पोषण एवं देखरेख करने हेतु कोई जिम्मेदार व्यक्ति नहीं है।

वह स्वयं व उसकी पत्नी जेल में निरूद्ध है। ऐसे बंदियों के बच्चों की सूची तैयार की गई, जिसे बाल कल्याण समिति के माध्यम से संस्थागत संरक्षण प्रदान किया जावेगा। जेल के कर्मचारीयों को निरीक्षण समिति द्वारा अवगत कराया गया कि जेलों में प्रवेश देते



समय यदि बंदी 18 वर्ष से कम के प्रतीत होने की स्थिति में या उम्र के प्रति संदेहास्पद होने के स्थिति में समिति के सदस्यों को तत्काल सूचना दी जावे ताकि समिति द्वारा उम्र सत्यापन के पश्चात किशोरों को संप्रेषण गृह में संरक्षण की प्रांरभिक कार्यवाही की जा सके। निरीक्षण के दौरान जिला बाल संरक्षण अधिकारी श्री गजेन्द्र सिंह जायसवाल, संरक्षण अधिकारी (गैर संस्थागत देखरेख) सुश्री पूजा तिवारी, विधिक सह परिविक्षा अधिकारी श्री सम्मेसिंह कवंर, सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती संतोषी वैष्णव, जेल अधीक्षक श्री भार्गव एवं जेलों के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत 56 जोड़े वर वधुओं ने किया सामूहिक विवाह

## समारोह में शामिल हुए वित्त मंत्री चौधरी, कलेक्टर के एल चौहान एवं धर्मेश कुमार साहू

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह एवं आशीर्वाद समारोह का आयोजन जिले के ग्राम पंचधार में किया गया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में वित्त मंत्री एवं विधायक रायगढ़ ओपी चौधरी, विशिष्ट अतिथि उमेश अग्रवाल, सुभाष जालान, बलोदाबाजार भाटापारा के कलेक्टर के एल चौहान और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू सहित समाज के प्रबुद्ध जन, अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।





इस मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह को गायत्री परिवार द्वारा वैदिक मंत्र उच्चारण के साथ हवन पूजन करते हुए संपन्न कराया। इस समारोह के दौरान वर वधुओं, पारिवारिक और उपस्थित सभी सदस्यों में खुशी का माहौल था। इस समारोह में हजारों की भीड़ उमड़ी हुई थी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी का भव्य स्वागत महिला बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। विवाह के दौरान ओपी चौधरी ने सभी 56 जोड़े वर वधु को आशीर्वाद दिए। चौधरी ने इस अवसर पर कहा कि आज की इस परिवेश में दहेज प्रथा को छोड़ रहे हैं। चौहान समाज का यह कार्यक्रम प्रगतिशील सोच है। युवाओं की इस विवाह में शामिल होने के नई सोच से मैं बहुत प्रभावित हुआ हूं । साथ ही मुख्यमंत्री कन्या सामूहिक विवाह में शादी करने का निर्णय लिया है, उनको भी मैं विशेष रूप से प्रणाम करता हूं। सरकार के योजना के तहत 21000 रुपए का चेक के साथ ही चौधरी ने प्रत्येक जोड़े को व्यक्तिगत रूप से तीन हजार रुपए की राशि नव वर वधु को बधाई और शुभकामनाओ के साथ प्रदान किए। चौहान समाज द्वारा सामुदायिक भवन की मांग पर वित्त मंत्री चौधरी ने तत्काल 20 लाख रुपए सामुदायिक भवन के लिए देने की घोषणा की और उन्होंने कहा कि इस भवन का उपयोग सभी समाज के लिए किया जाएगा। `उल्लेखनीय है कि यह आयोजन जिले के बरमकेला और लेंधरा महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना के अंतर्गत आने वाले ग्रामों के वर वधु से संपन्न हुआ। साथ ही सरिया क्षेत्र अंतर्गत गंधर्व कला सांस्कृतिक विकास परिषद संचालक समिति पंचधार सरिया परिक्षेत्र द्वारा दूल्हा देव महोत्सव का आयोजन ग्राम पंचधार में किया गया था।





## जिले में 03 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का किया जा रहा आयोजन


**कोरबा** । अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर खेल एवं युवा कल्याण विभाग कोरबा द्वारा 06 से 08 मार्च तक 03 दिवसीय जिला स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम बाल्को एवं एस.ई.सी.एल. खेल परिसर मुड़ापार में किया जा रहा है। प्रतियोगिता अंतर्गत 06 मार्च को कबड्डी एवं 100 मीटर दौड़, 07 मार्च को खो-खो एवं लम्बी कूद, 08 मार्च को हॉकी एवं रस्साकसी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम बाल्को में तथा वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन एस.ई.सी.एल. खेल परिसर मुड़ापार में किया जाएगा। प्रतियोगिता में 09 वर्ष से अधिक के बालिका/महिला खिलाडियों को सम्मिलित किया जाएगा। प्रतियोगिता में कोई भी महिला वर्ग की खिलाड़ी भाग ले सकती हैं। प्रतियोगिता पूर्णत: नि:शुल्क है। संबंधित खेलों के बालिका/महिला प्रतिभागी निर्धारित प्रपत्र में आवेदन कर अपना पंजीयन करा सकते हैं। पंजीयन हेतु गोपाल दास महंत व्यायाम शिक्षक मोबाईल नंबर 9630848367 एवं व्हॉलीबॉल खेल हेतु सुशील गर्ग मोबाईल नंबर 9827464122 पर संपर्क कर सकते हैं। विजेता प्रतिभागी को विभाग द्वारा पुरस्कार प्रदाय किया जाएगा।

## कक्षा 10 वीं हिन्दी विषय की परीक्षा सम्पन्न

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक बोर्ड परीक्षा की आज हाई स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा के अंतर्गत कक्षा 10 वीं की विशिष्ट हिन्दी विषय की परीक्षा संचालित हुई। आज 02 मार्च की परीक्षा में रायगढ़ जिले से 13121 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 12645 परीक्षार्थी उपस्थित एवं 476 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा कंट्रोल रूम नोडल भुवनेश्वर पटेल एपीसी समग्र शिक्षा ने जानकारी दी कि जिले में हाई स्कूल परीक्षा के लिए 117 परीक्षा केंद्र एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा के लिये 108 परीक्षा केंद्र बनाये गये है। परीक्षा के सुचारू संचालन के लिये माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर के निर्देशानुसार कलेक्टर गोयल द्वारा जिला स्तर के अधिकारियों की अगुआई में 04 सदस्यीय 07 फ्लाइंग स्क्वाड टीम जिले स्तर से बनाया गया है, जो प्रतिदिन आबंटित विकासखण्डों के परीक्षा केंद्रों का सघन निरीक्षण कर रही है। इसके अतिरिक्त कलेक्टर के निर्देशन में विकासखण्ड स्तर पर भी उड़नदस्ता दलों का गठन किया गया है जो सघन रूप से परीक्षा केंद्रों निरीक्षण कर रहे हैं। जिले में कही भी नकल प्रकरण दर्ज नही हुआ है।





## छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना द्वारा हसदेव बचाओ कार्यक्रम 10 मार्च एवं मानव श्रृंखला निर्माण

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा हसदेव बचाओ कार्यक्रम के अंतर्गत आने वाले 10 मार्च को मानव श्रृंखला निर्माण किया जाना है। जिसमें छत्तीसगढ़ के जनता को शामिल होने का किया किया।




जिसमें इसी प्रकार महादेव घाट से लेकर छत्तीसगढ़ विधानसभा तक मानव श्रृंखला का निर्माण करना है जिसमें इसी प्रकार पेड़ों को एक हाथ से दूसरे हाथ प्रदान करते हुए पूरे छत्तीसगढ़ में हसदेव बचाने के लिए एक नया संदेश देते हुए सभी समाज के लोगों को और छत्तीसगढ़ के जितने भी राजनीतिक पार्टी है क्षेत्रीय पार्टी है स्टूडेंट है सामाजिक लोग हैं सभी समाज के लोगों से अपील किया हैं कि आने वाले 10 मार्च को मानव श्रृंखला निर्माण में शामिल होकर अपनी अहम भूमिका हसदेव बचाने को लेकर मैं शामिल होकर अपनी महत्वपूर्ण योगदान देने के लिए गुहार किया गया है। जिसमें समस्त छत्तीसगढ़ के सभी जिलों से सेनानियों के साथ-साथ सभी समाज के लोग को शामिल होने के लिए अपील किया गया है और कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण से करेंगे जो पेड़ मानव श्रृंखला निर्माण मैं एक हाथ से दूसरे हाथ होकर जितने भी पौधे आएंगे उसे वृक्षारोपण भी करेंगे और इसी प्रकार वहां से जो जल आएगा उससे सिंचाई व्यवस्था या पेड़ पौधों में पानी देने का भी कार्य सभी सम्मिलित लोगों के माध्यम से किया जाएगा।

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा कहा गया कि अगर हम लोग इस प्रकार का कार्य अगर सफल करते हैं तो हमारे छत्तीसगढ़ की जो जंगल है हसदे जंगल उसे बचाने में समस्त छत्तीसगढ़ के लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहेगा क्योंकि जितने भी राजनीतिक पार्टियों हैं वह इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं और हमारी जंगल निरंतर कट रही हैं अगर बात करें राजनीतिक पार्टियों की तो राज्य में कांग्रेस सरकार थी तो भाजपा के द्वारा दोसा रोपण किया जाता था क्योंकि अब भाजपा की सरकार है तो कांग्रेस के द्वारा इस प्रकार की बातें किया जा रहा है। अभी भी राजनीतिक पार्टियों के पास एक समय है इस कार्य में अपना योगदान देकर छत्तीसगढ़ के जंगल को बचाने का जो की सभी लोगों के लिए ऑक्सीजन के रूप में हमें वरदान दे रही है उसे जल जंगल जमीन के लिए वह अपने आने वाले भविष्य के लिए एक महत्वपूर्ण लड़ाई भी है ।

### मुख्यमंत्री से किये गुहार

छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना के द्वारा हमारे छत्तीसगढ़ के आदिवासी नेता व मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से विशेष अपील किये हैं कि इस प्रकार हमारे छत्तीसगढ़ के जंगल को बचाने के लिए विशेष सहयोग प्रदान करें।

## जिले में 03 मार्च को पिलायी जायेगी पल्स पोलियो वैक्सीन

### 05 साल तक के सभी बच्चों को जरूर दिलवाएं पोलियो वैक्सीन की खुराक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**पोलियो की दवा पिलाने पूरे जिले में बनाए गए हैं 1303 बूथ**

राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान 03 मार्च से शुरू होगा। तीन दिवसीय यह अभियान में रायगढ़ जिले के शून्य से 05 साल तक के 1 लाख 34 हजार 297 बच्चों को पोलियो खुराक दी जायेगी। अभियान में पहले दिन 03 मार्च को बूथ स्तर पर एवं 04 तथा 05 मार्च 2024 को बूथ गतिविधियों में छूटे हुए बच्चों को टीकाकरण टीम के द्वारा घर-घर भ्रमण कर पोलियो की खुराक पिलाकर प्रतिरक्षित किया जायेगा। पल्स पोलियो अभियान के सफल संचालन हेतु कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने स्वास्थ्य विभाग को व्यापक रूप से तैयारियों तैयारियों के निर्देश दिए हुए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ.बी.पी.पटेल ने बताया कि पल्स पोलियो अभियान की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गयी है, वैक्सीन एवं आईईसी सामग्री विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्रों में वितरित की जा चूकी है। अभियान के सफल संचालन हेतु समस्त विकासखण्डों एवं शहरी क्षेत्र के खण्ड चिकित्सा अधिकारी/प्रभारी चिकित्सा अधिकारी, विकासखण्ड कार्यक्रम प्रबंधक, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मितानिन को सुचारू रूप से कार्य संचालन हेतु प्रशिक्षित किया जा चुका है। जिले के पहुंच विहीन क्षेत्र, मेला बाजार, ईट भट्टों, मलीन बस्तियों, बस स्टैण्ड, रेलवे स्टेशन, साप्ताहिक बाजार एवं विभिन्न ओद्यौगिक क्षेत्रों में पोलियों की खुराक पिलाने के लिए मोबाईल टीम का गठन किया गया है। रविवार 03 मार्च को सुबह कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ जिला एवं विकासखण्डों में जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया जायेगा। रायगढ़ जिले में कुल 1303 बूथ, 19 ट्रांजिट टीम, 13 मेला बाजार स्थल एवं 25 मोबाईल दल, जिसमें कुल 2730 सदस्य एवं 283 पर्यवेक्षक उक्त अभियान में कार्य संपादन करेंगें।

## वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा को मिली 1 करोड़ 5 लाख की विकास कार्यों की स्वीकृति

### मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण द्वारा क्षेत्रिय आवश्यकताओं हेतु स्वीकृत किए गए 15 विकास कार्य

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

रायगढ़ विधायक एवम छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी की पहल पर रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 05 लाख रूपए के 15 विकास कार्यों की मंजूरी दी गई है।

वित्तमंत्री ने क्षेत्रीय आवश्यकताओं को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को आवश्यक विकास कार्यों के प्रस्ताव की सूची स्वीकृति हेतु भेजी थी। वित्तमंत्री ओपी चौधरी के प्रस्ताव पर विष्णुदेव साय ने मुख्यमंत्री अधोसंरचना संधारण एवं उन्नयन प्राधिकरण से विकास कार्यों की स्वीकृति प्रदान की है। इनमें रायगढ़ विधानसभा के लिए 1 करोड़ 5 लाख रूपए के 15 विकास कार्य स्वीकृत किया गया है। रायगढ़ के ग्राम पंचायत कोयलंगा में बालक राम साहू के घर के पास से चौहान मोहल्ला रोड तक 2.50 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सुकुलभठली में घनसुन्दर घर से चौकीदार घर तक 10 लाख रूपए की लागत से, विकास घर से मुख्य मार्ग की ओर 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नवापाली में शनि मंदिर गबेत शरण घर से गौतम मांझी के घर तक 8.70 लाख रूपए, ग्राम पंचायत आमापाली में मौहापाली बीच बस्ती में 4 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कांदागढ़ में बजरंग बली मंदिर से मुक्ति धाम तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत नावापारा में चंद्रहास यादव घर से किशोर के घर तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत कोड़ातराई में रामनगर कोड़ातराई तक 10 लाख रूपए, ग्राम पंचायत ओडेकेला मे गुरूडीपा में 7.80 लाख रूपए, ग्राम पंचायत उमरिया में गौडियापारा पुरानी बस्ती आनंद प्रधान घर से उदयभोग घर तक 5 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत कोतासुरा में सारथी घर से नंदेली रोड तक 2.60 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।



सारंगढ़.बिलाईगढ़ जिले के ग्राम पंचायक अर्मुरा में सारथी मोहल्ला से मेन रोड तक 2.60 लाख रूपए, ग्राम पंचायत सुखापाली में समारू घर से सुखापाली रोड तक 7.80 लाख रूपए, ग्राम पंचायत बोरिदा में बस्ती से मुक्ति धाम तक 9 लाख रूपए तथा ग्राम पंचायत नदीगांव में नया मोहल्ला में 5 लाख रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गयी है।

## एक नजर

### रतन लाल सारस्वत का कोलकाता में हुआ दुःखद निधन

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रतनलाल सारस्वत का दुखद निधन कोलकाता में हो गया। निधन के संबंध में जानकारी देते हुए उनके भतीजे आयकर अधिवक्ता गोपी सारस्वत ने बताया कि 27 फ रवरी को कोलकाता में उनका दुखद निधन हो गया एवं उनका अंतिम संस्कार भी वही कर दिया गया। रतन लाल स्वर्गीय महादेव प्रसाद सारस्वत एवम स्वर्गीय अंगूरी देवी सारस्वत के सुपुत्र थे। अपने पीछे पत्नी राधा देवी, पुत्र राजेश बहु, पुत्री, पोता-पोती से भरा पूरा परिवार रोता छोड़ गए। स्वर्गीय रतन लाल रायगढ़ निवासी मदनलाल सारस्वत व ब्रजमोहन लाल सारस्वत के भाई और विशाल, विवेक के चाचा एवम प्रशांत, निशांत के ताऊ थे।



स्वर्गीय रतन लाल की शिक्षा स्थानीय कॉमर्स कॉलेज और फिर लॉ कॉलेज रायगढ़ से हुई। उन्होंने जिला पंचायत आफिस व कॉमर्स कॉलेज रायगढ़ में अपनी सेवाएं दी फिर उनका चयन उच्च पद पर डिपार्टमेंट ऑफ कंपनी अफेयर्स, भारत सरकार के लिए हुआ जहां उन्होंने रजिस्ट्रार ऑफ कम्पनीज बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र,दिल्ली रहते हुए अपनी सेवाएं दी। फिर वे रीजनल डायरेक्टर के पद पर भी रहे और ऑफि सियल लिक्वीडेटर मप्र और छत्तीसगढ़, के पद से सेवानिवृत हुए। आगामी 10 मार्च को बारहवां और पगड़ी रस्म से जुड़े सभी रस्म अदायगी उनके निवास स्थान कोलकाता में सम्पन्न होगी।

### रायगढ़ लोकसभा हेतु भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी बनने पर राधेश्याम राठिया को ओपी ने दी बधाई

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

रायगढ़ लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के अधिकृत प्रत्याशी राधेश्याम राठिया को बनाए जाने बधाई देते हुए रायगढ़ विधायक एवम वित्त मंत्री चौधरी ने सोशल मंच में साझा करते हुए कहा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदर्श नेतृत्व में हम सभी मिलकर इस लोकसभा चुनाव में एक बार पुन: भाजपा का विजय ध्वज लहरायेंगे और रायगढ़ से राधेश्याम राठिया को भारी मतों से विजयी बनाकर लोकसभा पहुंचायेंगे।



### महतारी वंदन योजनाः आधार सीडिंग के लिए 3 मार्च रविवार अवकाश के दिन भी खुले रहेंगे जिले के सभी बैंक

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने के उद्देश्य कलेक्टर कार्तिकेया गोयल के निर्देशन में रविवार 3 मार्च अवकाश के दिन भी जिले के सभी बैंक खुले रहेंगे। उक्त दिवस में जिले के सभी बैंक शाखाओं में केवल महतारी वंदन योजना अंतर्गत महिलाओं के बैंक खाते से आधार लिंक एवं डीबीटी सक्रिय कराये जाने का कार्य संपादित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ शासन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन की कार्यवाही की जा रही है। इस योजना के तहत पात्र 21 वर्ष से अधिक विवाहित महिला महिला, त्यागशुदा महिला, परित्यक्ता महिला को प्रतिमाह एक हजार रूपये की राशि उनके आधा लिंक खातें में डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाना है। जिले में बैंक के माध्यम से बैंक खातों को आधार से लिंक करने हेतु 39 हजार का लक्ष्य है जिसमें से जिले के अधिकांश महिलाओं का बैंक खाता आधार से लिंक नहीं हुआ है। उक्त कार्य को समय-सीमा में 5 मार्च तक पूर्ण किया जाना है। जिसके तहत अवकाश दिवस में महिलाओं का बैंक खाता आधार लिंक व डीबीटी सक्रिय करने के निर्देश है। जिले के सभी ब्रांच को 3 मार्च रविवार को केवल महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन हेतु बैंक की कार्यालयीन व्यवस्था चालू रखने हेतु निर्देशित किया गया है।

### कक्षा बारहवीं हिन्दी विषय का परीक्षा सम्पन्न, 98 प्रतिशत परीक्षार्थी उपस्थित

**कोरबा** । छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल रायपुर द्वारा संचालित कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 अंतर्गत 01 मार्च को हिन्दी विषय का परीक्षा सम्पन्न हुआ। सहायक नोडल अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल पंजीकृत विद्यार्थी 10367 हैं, जिनमें से 10192 विद्यार्थियों ने परीक्षा दिलायी। इस प्रकार लगभग 98 प्रतिशत विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए।

## फिल्म शैतान का पहला गाना ऐसा मैं शैतान जारी




मोस्ट अवेटेड अलौकिक हॉरर थ्रिलर शैतान कुछ ही दिनों में स्क्रीन पर आने के लिए तैयार है। फिल्म में अजय देवगन, आर माधवन और ज्योतिका के नेतृत्व में शानदार कलाकार हैं। ट्रेलर और पहले गाने की रिलीज के साथ, नेकर्स ने पहले ही दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया है। अब, उन्होंने फिल्म का दूसरा गाना, 'ऐसा मैं शैतान' एक रोमांचक ट्रैक जारी किया है, जिसमें आर माधवन नजर आ रहे हैं, जो रहस्य और आतंक को बढ़ा रहे है।

मोस्ट अवेटेड फिल्म शैतान के पीछे की टीम ने अलग अलग सोशल मीडिया प्लेटफार्मों पर दूसरा गाना जारी किया। 'ऐसा मैं शैतान' नाम वाले इस गाने को अमित त्रिवेदी ने संगीतबद्ध किया है, जिसके बोल कुमार ने लिखे हैं।

## भोजपुरी अदाकारा मोनालिसा ने अपनी कातिलाना अदाओं से बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान, यूजर्स हुए घायल



भोजपुरी स्टार मोनालिसा सोशल मीडिया पर बेहद लोकप्रिय हैं. आए दिन वे अपनी सिजलिंग और ग्लैमरस पोस्ट के साथ फैंस का दिल धड़काती रहती हैं. हाल ही में एक्ट्रेस ने इंस्टाग्राम अकाउंट से बेहद हॉट तस्वीरें शेयर की हैं, जिसने सोशल मीडिया का तापमान तेज कर दिया है.

मोनालिसा ने पिस्ता कलर का बॉडीकॉन ड्रेस पहना है. लाइट मेकअप के साथ बाल खुले छोड़े हैं और गोल्डन इंयररिंग्स उनपर काफी जच रहे हैं. साथ ही एक्ट्रेस कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक किल पोज देते दिखाई दे रही हैं. एक्ट्रेस की ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर जंगल की आग की तरह फैल लही हैं और फैंस उनकी हॉटनेस की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं. आपको बता दें मोनालिसा सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वो अपने फैंस के लिए वीडियो और फोटो डालती रहती हैं. उनके चाहने वाले उनकी हर अपडेट पर नज़र रखते हैं. मोनालिसा बिग बॉस में भी रह चुकी हैं. वहीं भोजपुरी सिनेमा में उन्होंने अपनी अदाकारी और मेहनत के दम पर खास पहचान बनाई है. मोनालिसा ने 15 साल की उम्र में काम शुरु कर दिया था. एक समय था जब उन्होंने होटल में भी काम किया था. जहां उन्हें बहुत कम सैलरी मिलती थी. आज मोनालिसा भोजपुरी इंडस्ट्री की टॉप की एक्ट्रेस हैं. मोनालिसा ने करीब 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है. उन्होंने भोजपुरी के अलावा हिंदी, बंगाली, तेलुगू, कन्नड़ और उड़िया फिल्मों में भी काम किया है।

## बायोपिक शैक : द डाउट में पायल घोष निभाएंगी जीनत अमान का किरदार

*एक्ट्रेस पायल घोष अपकमिंग बायोपिक शैक : द डाउट में गुजरे जमाने की सुपरस्टार जीनत अमान की भूमिका निभाएंगी। मशहूर एक्ट्रेस जीनत अमान ने अपने एक्टिंग करियर की शुरुआत 1970 में फिल्म द एविल विदइन से की थी। जीनत अमान को हरे रामा हरे कृष्णा, यादों की बारात, कुर्बानी, दोस्ताना और डॉन जैसी कई अन्य फिल्मों में अपने काम से पहचान मिली।*

72 साल की जीनत अमान, इंस्टाग्राम पर भी एक ट्रेंडिंग पर्सनालिटी बन गई हैं। इस प्लेटफॉर्म पर उन्होंने फरवरी 2023 में डेब्यू किया था। वह अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपनी विभिन्न थ्रोबैक तस्वीरें और प्रोफेशनल अपडेट शेयर करती रहती हैं। जीनत अमान के किरदार के बारे में बात करते हुए पायल घोष ने कहा, यह मेरे लिए एक बड़ा अवसर है। मैं वास्तव में खुश और भाग्यशाली हूं कि मुझ पर इतना विश्वास किया गया। मैं स्क्रीन पर ऐसे प्रतिष्ठित व्यक्तित्व का किरदार निभा सकती हूं। एक्ट्रेस पायल घोष ने आगे कहा, जीनत अमान एक लीजेंड हैं। स्क्रीन पर उनका किरदार निभाना आज के समय के किसी भी एक्ट्रेस के लिए सबसे बड़े अवसरों में से एक है। मैं बहुत उत्साहित हूं। इस प्रोजेक्ट में अच्छा काम करने के लिए उत्सुक हूं। मैं रोमांचित हूं। मैं अपने प्रशंसकों से बस इतना वादा करना चाहती हूं कि मैं इसके लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगी।



## सोनाक्षी सिन्हा से ऋचा चड्ढा तक, हीरामंडी से तमाम अभिनेत्रियों की पहली झलक आई सामने




जय लीला भंसाली 'हीरामंडी' के साथ एक बार फिर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं, जिसमें मनीषा कोइराला, अदिति राव हैदरी, सोनाक्षी सिन्हा, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा और संजीदा शेख शामिल हैं. एक शानदार टीजर के बाद, निर्माताओं ने अब अपनी आने वाली वेब सीरीज की स्टार कास्ट के सोलो पोस्टर रिलीज किए है. साथ ही भंसाली ने अपने निर्देशन में बनने वाली इस वेब सीरीज के बारे में बात की और इसे अपना सबसे बड़ा प्रोजेक्ट बताया. भंसाली ने फिल्मों के बाद अब ओटीटी पर डेब्यू करने के बारे में अपनी राय बयां की है.

'हीरामंडी' के बारे में बात करते हुए संजय लीला भंसासी ने कहा कि 'मैंने बड़ी फिल्में बनाई हैं. मुझे बड़ी फिल्में बनाने में मजा आता है और यह मेरे अंदर स्वाभाविक है, लेकिन डिजिटल में बदलाव के दौरान मैंने इसे एक कदम ऊपर ले लिया है. 'हीरामंडी' मेरी सबसे सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है. मैं इसे बेहद खास बनाना चाहता था और मैंने इससे खुद को आश्चर्यचकित कर लिया है.' संजय लीला भंसाली को उनके असाधारण सीन और हर एक सीक्वेंस को डिटेल के साथ सावधानीपूर्वक ध्यान देने के लिए जाना जाता है. 'हीरामंडी' में भी आपको ऐसा ही कुछ देखने को मिलेगा. स्टार्स के सोलो पोस्टर उनके वेब ड्रामा की भव्यता और समृद्धि की झलक पेश करते हैं जिसकी दर्शक उम्मीद कर सकते हैं, जो न केवल एक शानदार कहानी सुनाती है बल्कि अपने सीन्स से भी लोगों को मंत्रमुग्ध कर देगी.

## दुनियाभर में यामी गौतम की आर्टिकल 370 का डंका, 50 करोड़ के करीब पहुंची फिल्म

यामी गौतम अपनी एक्टिंग से फैंस को दीवाना बना लेती हैं. उनकी एक्शन फिल्म आर्टिकल 370 सिनेमाघरों पर रिलीज हो चुकी है. ये फिल्म 23 फरवरी को रिलीज हुई थी और वर्ल्डवाइड शानदार कमाई कर रही है. दर्शक इस फिल्म पर ढेर सारा प्यार लुटा रहे हैं. आर्टिकल 370 इंडिया के साथ विदेश में भी अच्छा बिजनेस कर रही है. फिल्म का रिव्यू अच्छा होने की वजह से हर कोई इसकी तारीफ करते नहीं रुक रहा है. इस फिल्म की खास बात ये है कि ये वीकडे में भी अच्छा कलेक्शन कर रही है. फिल्म का वर्ल्डवाइड कलेक्शन सामने आ गया है और ये जल्द ही 50 करोड़ के क्लब में शामिल हो जाएगी.




आर्टिकल 370 में यामी गौतम ने पुलिस ऑफिसर का किरदार निभाया है. उनका दमदार एक्शन लोगों को बहुत पसंद आ रहा है. आर्टिकल 370 का इंडिया का पांच दिन का कलेक्शन भी सामने आ चुका है. आइए आपको फिल्म के डोमेस्टिक और वर्ल्डवाइड कलेक्शन के बारे में बताते हैं.

## विद्युत जामवाल की फिल्म का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल, लाखों में पहुंची कमाई



विद्ययुत जामवाल की फिल्मों का फैंस को बेसब्री से इंतजार रहता है. उनकी फिल्म में जबरदस्त एक्शन देखने को मिलता है जो लोगों को बहुत पसंद आता है. साथ ही अपनी एक्टिंग से भी विद्युत लोगों का दिल जीत लेते हैं. ऐसा ही कुछ उनकी फिल्म क्रैक से उम्मीदें लगाई गई थीं. पर लगता है ऐसा हो नहीं पाने वाला है. क्रैक का बॉक्स ऑफिस पर बुरा हाल है. ये फिल्म कुछ खास कमाई ही नहीं कर पा रही है और अब छठे दिन को एकदम बुरा हाल हो गया है. क्रैक के लिए विद्युत ने बहुत मेहनत की थी. फिल्म रिलीज होने से पहले उन्होंने जमकर इसका प्रमोशन किया था. स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म का है तो लग रहा था कि इसमें कुछ खास होगा लेकिन ये तो पहले ही दिन से कुछ खास कमाल नहीं दिखा पा रही है. फिल्म की कमाई करोड़ों से घटकर अब लाखों में आ गई है.

रिपोर्ट के मुताबिक क्रैक ने छठे दिन सिर्फ 80 लाख का कलेक्शन किया है. कलेक्शन देखकर ही समझा जा सकता है कि फिल्म का कितना बुरा हाल हो गया है.

क्रैक ने सिर्फ पहले दिन ही ढंग की कमाई की थी. पहले दिन फिल्म ने 4.25 करोड़, दूसरे दिने 2.15 करोड़, तीसरे दिन 2.3 करोड़, चौथे दिन 1 करोड़, पांचवें दिन 1 करोड़ का कलेक्शन किया है. जिसके बाद टोटल कलेक्शन 11.5 करोड़ हो गया है.

वीकेंड पर फिल्म से बेहतर करने की उम्मीद की जा सकती है नहीं तो क्रैक बहुत जल्द ही सिनेमाघरों से हट सकती है.

## खेल




**बेंगलुरु।** गुजरात जायंट्स को WPL-2 में लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। शु वार को यूपी वॉरियर्ज (UPW) ने 6 विकेट से हराया। गुजरात (GG) अभी तक लीग में एक मैच भी नहीं जीत सकी है। बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में यूपी ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग चुनी। गुजरात जायंट्स ने बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 5 विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में यूपी वॉरियर्ज ने 15.4 ओवर में 4 विकेट पर टारगेट चेज कर लिया। यूपी के लिए ग्रेस हैरिस ने 33 बॉल में 60 रन की मैच विनिंग पारी खेली। वहीं, सोफी एक्लेस्टन ने 3 विकेट लिए।

## गुजरात जायंट्स की WPL-2 में लगातार तीसरी हार

### यूपी वॉरियर्ज ने 6 विकेट से हराया, हैरिस ने खेली मैच विनिंग पारी

गुजरात को WPL के मौजूदा सीजन में एक भी जीत नहीं मिली। टीम को लगातार 3 बार हार का सामना करना पड़ा है।

### गुजरात की ओपनिंग फेल

टीम के लिए लौरा वोल्वार्ट और बेथ मूनी ने ओपनिंग की और 40 रन की साझेदारी की। छठे ओवर में सोफी एक्लेस्टन के खिलाफ मूनी ने अपना विकेट गंवा दिया। मूनी ने 16 रन बनाए।

तीसरे नंबर पर हरलीन देओल ने उनकी जगह ली। दूसरा विकेट तब आया जब एक्लेस्टन ने 10वें ओवर में वोल्वार्ट को आउट करके एक बार फिर सफलता हासिल की। गुजरात की ओपनर ने 107.69 के स्ट्राइक रेट से सिर्फ 4 चौके लगा कर 28 रन बनाए।

13वें ओवर में राजेश्वरी गायकवाड़ ने खराब फॉर्म में चल रहे देओल को 18 रन पर चलता




कर दिया, फिर एश्ले गार्डनर आई और उनका साथ फीब लिचफील्ड ने दिया।

### गार्डनर और लिचफील्ड ने संभाला

शुरुआती बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद, गार्डनर और लिचफील्ड ने चीजों को नियंत्रण में लिया और यूपी वारियर्ज को एक ठोस लक्ष्य दिया। दोनों के बीच 52 रन की अर्धशतकीय साझेदारी हुई। गार्डनर 30 रन बनाने के बाद 19वें ओवर में एक्लेस्टन की बॉल पर आउट हो गई। कुछ ही बॉल बाद लिचफील्ड 35 रन बनाकर आउट हो गई।

आखिर में दयालन हेमलता 2 रन और कैथरीन ब्राइस 5 रन बनाकर नाबाद रहे। उन्होंने कुछ रन जोड़कर गुजरात को 142/5 पर पहुंचा दिया।

### एक्लेस्टन ने गेंदबाजी में मोर्चा संभाला

*अपने चार ओवर के स्पेल में तीन विकेट लेने के बाद एक्लेस्टन ने PW के गेंदबाजी का मोर्चा संभाला। इंग्लिश गेंदबाज के अलावा राजेश्वरी गायकवाड़ ने एक विकेट हासिल किया।*

### यूपी की शानदार बल्लेबाजी हैरिस ने मैच फिनिश किया

*यूपी की ओर से कप्तान एलिसा हीली और किरण नवगिरे ने टीम के लिए ओपनिंग की। हीली 33 रन और नवगिरे 12 रन बना कर आउट हुई। हीली ने 21 बॉल में 33 रन बनाकर टीम को पावरप्ले में मजबूत कर दिया। तीसरे नंबर पर चमारी अटापट्टू ने 17 रन की पारी खेली, वहीं श्वेता सेहरावत 2 रन बना कर आउट हो गई।*

### एक नजर

## LSG ने लांस क्लूजनर को असिस्टेंट कोच बनाया

### MI और DC के कोचिंग-स्टॉफ में भी रहे; वॉरियर्स को इकलौता टाइटल दिलाया

**लखनऊ।** IPL फ्रेंचाइजी लखनऊ सुपर जायंट्स (LSG) ने मौजूदा सीजन के लिए साउथ अफ्रीका के लांस क्लूजनर को असिस्टेंट कोच बनाया है। फ्रेंचाइजी ने शुक्रवार को 52 साल के इस पूर्व ऑलरांडर को साइन किया। क्लूजनर जस्टिन लैंगर और उनके साथ एस. श्रीराम के साथ काम करेंगे। IPL-2024 में लखनऊ अपना अभियान 24 मार्च को जयपुर में 2008 चैंपियन राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ शुरू करेगी। 2022 में पहली बार इस लीग में खेलने वाली लखनऊ अपने दोनों सीजन में प्लेऑफ में पहुंचने में सफल रही है। हालांकि टीम दोनों मौकों पर एलिमिनेटर से बाहर हो गई और फाइनल में जगह नहीं बना सकी। ऐसे में क्लूजनर के साथ लैंगर के सामने टीम को खिताब के और करीब पहुंचाने का चैलेंज होगा। वे दिल्ली कैपिटल्स (DC) से जुड़े रहने के अलावा मुंबई इंडियंस (MI) के बल्लेबाजी कोच रह चुके है।



## BCCI की सख्ती पर बोले कपिल देव

### कुछ लोगों को तकलीफ होगी, तो होने दो, घरेलू क्रिकेट को बचाने यह जरूरी

पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव ने भारतीय क्रिकेट बोर्ड (BCCI) के घरेलू क्रिकेट खेलने की सख्ती के फैसले का समर्थन किया है। भारत को पहला वर्ल्ड कप जिताने वाले कप्तान ने शुक्रवार को कहा, एनुअल सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं मिलने से खिलाड़ियों को तकलीफ होगी तो होने दो, क्योंकि देश से बढ़कर कोई नहीं है। 65 साल के पूर्व ऑलराउंडर ने कहा कि यह फर्स्ट क्लास टूर्नामेंट जैसे रणजी ट्रॉफी को बचाए रखने के लिए जरूरी कदम है। BCCI ने 2 दिन पहले जारी एनुअल कॉन्ट्रैक्ट से उन क्रिकेटर्स को बाहर कर दिया, जो घरेलू क्रिकेट छोड़कर IPL की तैयारियों में जुटे हुए थे। इनमें श्रेयस अय्यर और इशान किशन जैसे नाम शामिल हैं।



कपिल देव ने कहा- यह बहुत अच्छा फैसला। मैं BCCI को घरेलू क्रिकेट का दर्जा बचाने के लिए जरूरी कदम उठाने के लिए बधाई देता हूं। मुझे यह देखकर दुख होता था कि एक बार खिलाड़ी इंटरनेशनल क्रिकेट में खुद को स्थापित कर लेते हैं, तो वे डोमेस्टिक क्रिकेट में हिस्सा लेना बंद कर देते थे।

## पुणेरी पलटन बनी प्रो-कबड्डी चैंपियन

### रोमांचक फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स को 28-25 से हराया; 10 साल में पहला खिताब जीता

**हैदराबाद।** पुणेरी पलटन ने इतिहास रचते हुए 10 साल में पहली बार प्रो कबड्डी लीग (क्कङ्ख) का खिताब जीत लिया। टीम ने शुक्रवार को फाइनल में हरियाणा स्टीलर्स को 28-25 के अंतर से हराया। मुकाबला हैदराबाद के गाचीबोवली इंडोर स्टेडियम में खेला गया। पुणेरी पलटन ने लगातार दूसरे फाइनल में जगह बनाई थी। टीम को पिछले सीजन जयपुर से हार मिली लेकिन इस बार टीम अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर चैंपियन बनी। दूसरी ओर हरियाणा की टीम पहली बार खिताबी मुकाबला खेल रही थी लेकिन टीम को हार मिली।



### पंकज मोहिते टीम के स्टार रेडर

पुणे से पंकज मोहिते ने लो-स्कोरिंग थ्रिलर में 9 रेड पॉइंट्स जुटाए। उन्होंने एक सुपर रेड में 4 पॉइंट्स भी बटोरे, जिसने फाइनल में जीत-हार का अंतर पैदा किया। उनके अलावा मोहित गोयत को 5, गौरव खत्री और कप्तान असलम इनामदार को 4-4 रेड पॉइंट्स मिले। हरियाणा स्टीलर्स से रेडिंग में शिवम पटारे ने 6 और सिद्धार्थ देसाई ने 4 पॉइंट्स बटोरे। लेकिन दोनों प्लेयर्स को टीम के बाकी रेडर्स का साथ नहीं मिला।

### हाफ टाइम 13-10 से आगे थी पुणे

*मैच की शुरुआत बराबरी पर हुई। 12 मिनट तक स्कोरलाइन 6-6 की बराबरी पर थी। हालांकि 16वें मिनट में पुणे ने लीड बनाई, 18वें मिनट में ही पंकज मोहिते ने डू ऑर डाई रेड में सुपर रेड की और 4 पॉइंट्स बटोर लिए।*

## आयरलैंड की टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत

### इकलौते टेस्ट में अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया, अडायर प्लेयर ऑफ द मैच

ऑयरलैंड को 8 टेस्ट मैच खेलने के बाद टेस्ट क्रिकेट में पहली जीत मिली। टीम ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। अबु धाबी के टॉलरेंस ओवल मैदान पर शुक्रवार को तीसरे दिन टीम ने जीत हासिल की। अफगानिस्तान ने जूसरी पारी में 218 रन बनाने के बाद आयरलैंड को 111 रन का टारगेट दिया। जिसे आयरलैंड ने 4 विकेट खो कर चेज कर लिया।

इससे पहले अफगानिस्तान ने पहली पारी में 155 रन बनाए थे, जवाब में आयरलैंड ने 263 रन बनाकर लीड बबनाई थी।

आयरलैंड के बॉलर मार्क अडायर प्लेयर ऑफ द मैच रहे। उन्होंने पहली पारी में 5 विकेट और दूसरी पारी में 3 विकेट लिए। दूसरी इनिंग्स में आयरलैंड के एंड्रयू बालबर्नी ने अर्धशतकीय




पारी खेली।

### दूसरी पारी में अडायर

अफगानिस्तान के लिए शहीदी-गुरबाज के अलावा कोई नहीं चला तीसरे दिन हशमतुल्लाह शहीदी (53) और रहमनुल्लाह गुरबाज (23) ने पारी को आगे बढ़ाया। पारी की शुरुआत में ही शहीदी 55 रन बना कर आउट हो गए। इसके बाद पारी बिखर गई। नासिर जमाल 2 रनऔर करीम जनत 13 रन बना कर आउट हो गए। दूसरे छोर पर खड़े गुरबाज भी प्रेशर मेंआ गए और 46 रन पर अपना विकेट क्रेग यंग को दे बैठे। आखिर में जिया उर रहमान 13 रन और निजात मसूद भी 0 रन बना कर आउट हो गए। जाहिर खान 4 रन बना कर नाबाद रहे।

मुख्यमंत्री ने की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी मनोरा में एम्बुलेंस की घोषणा की

# ग्राम डाडटोली में सामुदायिक भवन हेतु 30 लाख रूपए की घोषणा, मनोरा के शासकीय कॉलेज के भवन की दी स्वीकृति

## पत्थलगांव में जल्द ही अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की होगी पदस्थाना


जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को जिले के मनोरा विकासखंड के ग्राम डाड़टोली में शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में शामिल हुए और उन्होंने ग्राम डाडटोली में सामुदायिक भवन हेतु 30 लाख रूपए की घोषणा की साथ ही मनोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सीएचसी में एम्बुलेंस की व्यवस्था, मनोरा के शासकीय कॉलेज के भवन की स्वीकृति एवं पत्थलगांव में अपर कलेक्टर का लिंक कोर्ट एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक की पदस्थाना करने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने यह भी कहा कि वर्ष 2024.25 की बजट में कुनकुरी में 220 बिस्तरों वाले अस्पताल निर्माण करने का प्रावधान किया गया है। मनोरा के 30 बिस्तर वाले अस्पाल को अच्छा से अच्छा बनाएंगे साथ ही जशपुर में सामुदायिक भवन के लिए भी प्रयास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने समाज की मांग पर यह भी भरोसा दिलाया कि डाड़टोली में उरांव समाज के सामुदायिक भवन के लिए जमीन आबंटन की प्रक्रिया भी जल्द पूरी कर ली जाएगी। इसके अलावा समाज की मांग पर मुख्यमंत्री ने मिशल बंदोबस्त में संसारी उरांव राजस्व रिकार्ड में दर्ज है इस कारण अनुसूचित जनजाति का लाभ नहीं मिल पा रहा है। इस पर साय ने भारत सरकार स्तर पर इस संबंध में उचित कार्यवाही करने का भरोसा दिलाया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि देश की राष्ट्रपति एक महिला है जो आदिवासी समाज से है। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी समाज से मेरे जैसे एक साधारण कार्यकर्त्ता को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी दी है। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व.अटल बिहारी वाजपेयी के कार्यकाल में आदिवासी समुदाय के सर्वांगीण विकास के लिए जनजातीय कल्याण मंत्रालय का गठन किया गया था। मुख्यमंत्री साय ने विशाल जन समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि 7.8 मार्च को महतारी वंदन योजना के अंतर्गत माताओं एवं बहनों के खाते में प्रतिमाह एक हजार रूपए की राशि की प्रथम किस्त अंतरित करने प्रधानमंत्री को समय देने के लिए अनुरोध किया गया है। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि 12 मार्च को प्रदेश के 24 लाख से अधिक किसानों के खाते में धान उपार्जन के अंतर की राशि प्रति क्विंटल 917 रूपए को भी अंतरित कर दिया जाएगा। महतारी वंदन योजना के अंतर्गत प्रदेश में 72 लाख 14 हजार आवेदन पत्रों की जांच की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार को अभी ढाई माह ही हुए हैं। इस अल्प अवधि में सरकार ने समाज के सभी वर्गो के उत्थान के लिए अनेक पहल की है। इनमें गरीबों के लिए 18 लाख प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति दी है। इस तरह 25 दिसम्बर को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल बिहारी बाजपेयी के जन्म दिवस सुशासन दिवस के मौके पर 12 लाख से अधिक किसानों को उनके अंतर की राशि 3 हजार 716 करोड़ रूपए अंतरित कर दी गई है। प्रदेश में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर लगभग 145 लाख मैट्रिक टन धान की रिकार्ड खरीदी हुई है। सरकार ने युवाओं के हित में यह भी फैसला लिया है कि पीएससी



मुख्यमंत्री साय शहीद वीर बुधु भगत जयंती समारोह एवं उरांव समाज के वार्षिक सम्मेलन में हुए शामिल

भर्ती परीक्षा 2021 की सीबीआई जांच कराई जाएगी। तेंदूपत्ता सीजन आने वाला है प्रदेश सरकार ने 5500 प्रति मानक बोरा के मान से खरीदी करने का निर्णय लिया है। तेंदूपत्ता संग्राहकों के लिए चरण पादुका योजना फिर से लागू की जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि 17 फरवरी को समाज के क्रांतिकारी वीर बुधु भगत की जयंती थी। उक्त् तिथि को मैं दिल्ली के प्रवास पर रहा। इस कारण नहीं आ पाया। इसके लिए मैं आप सभी से विनम्रता पूर्वक क्षमा चाहता हूं। उन्होंने कहा कि उरांव समाज के सम्मेलन में अपने आपको पाकर बहुत प्रसन्नता हो रही है। आप सभी ने मेरा आत्मीय स्वागत किया है। इसके लिए मैं आप सबका आभारी रहूंगा। आप सभी लोगों से मिलकर खुशी हो रही है। मैं आप लोगों के बीच का ही हूं। उरांव समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। रोहतासगढ़ में आपके समाज के राजा ने मुगलों के खिलाफलड़ाई लड़ी थी। इसमें महिलाओं ने भी अपनी सहभागिता दिखाई। झारखण्ड में हर 12 वर्ष पश्चात् जनी शिकार की परम्परा निभाई जाती है। जिसमें महिलाएं पुरूष का भेष धारण कर जंगल में शिकार करने जाती हैं। मुख्यमंत्री ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानी सहित बुधु भगत के योगदान का स्मरण किया। जिन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ आजादी की लड़ाई में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई। समाज के ही गौरव स्व.कार्तिक उरांव इंदिरा गांधी शासन काल में लोकसभा के सांसद रहें हैं। समाज की विकास में उनका अतुलनीय योगदान रहा है। मुख्यमंत्री ने समाज के लोगों से आव्हान किया है कि वे अपने बच्चों को जरूर पढ़ाएं। शिक्षा विकास का मूलमंत्र है। शिक्षा से ही समाज का सर्वांगीण विकास संभव है। मुख्यमंत्री ने समाज को नशा-पान से दूर रहने की अपील करते हुए कहा कि खासकर युवा पीढ़ी नशा की ओर अग्रसर हो रही है। इससे हमें सजग रहना होगा। प्रदेश सरकार भी नशा के सौदागरों को जेल भेजने की कार्यवाही कर रही है। इस अवसर पर जशपुर विधायक रायमुनी भगत ने संबोधित करते हुए कहा कि यह हम सब के लिए गौरव का विषय है कि आज के इस सम्मेलन में प्रदेश यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय हम सबके बीच शामिल होने पहुंचे हैं। समय-समय पर उनका मार्गदर्शन हम सबको मिलता रहा है। राज्यसभा सांसद कुमार देवेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि हमारा आदिवासी समाज काफी संगठित समाज है और समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। हमें बच्चों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने अंचल के विकास के लिए जशपुर के राजा स्व.दिलीप सिंह जूदेव का स्मरण किया। इस अवसर पर विधायक पत्थलगांव गोमती साय, जिला पंचायत अध्यक्ष शांति भगत, युवराज यश प्रताप सिंह जुदेव, कुमार विक्रमादित्य सिंह जूदेव, पूर्व विधायक राजशरण भगत सहित गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।



## एक नजर

### इरशाद अंसारी को मिली नई जिम्मेदारी,पूर्व में भी कई महत्वपूर्ण पदों पर कर चुके हैं काम

जोहार छत्तीसगढ़-एमसीबी।




मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के अखिल भारतीय मार्गदर्शक इंद्रेश कुमार आरएसएस, राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य, की अनुमति से मुस्लिम राष्ट्रीय मंच के राष्ट्रीय संयोजक मो. अफ जाल, राष्ट्रीय संगठन मंत्री गिरीश जूयाल, युवा प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय संयोजक खुशोद रजाका और सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों की सहमति से युवा प्रकोष्ठ के प्रांत संयोजक अफ्जल खान द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत के सभी संभाग संयोजको एवं सह सयोजको की नियुक्ति किया गया हैं।

**सरगुजा संभाग की जिम्मेदारी मो.इरशाद अंसारी**

पिता स्व. गुलाम दस्तगीर को सौंपी गई है। इस संबंध में इरशाद अंसारी को नियुक्ति पत्र भी जारी कर दिया गया है। नियुक्ति पत्र में लेख किया गया है की हमें अपेक्षा है कि आप मुस्लिम राष्ट्रीय मंच युवा प्रकोष्ठ द्वारा दिए गय दायित्व का निर्वाहन पूरी मेहनत और ईमानदारी से करेंगे। संगठन की रीति नीति पर चलकर सदैव संगठन के हित मे काम करेंगे साथ ही देश की सेवा करेंगे। एक मुलाकात में इरशाद अंसारी ने बताया की संगठन ने उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है। वे उसका पूरी ईमानदारी से निर्वहन करेंगे साथ ही संगठन में ज्यादा से ज्यादा लोगों को जोड़ने की दिशा में प्रयास करेंगे। उन्होंने इस जिम्मेदारी के लिये संगठन के सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार भी जताया है।

### ईशा अग्रवाल बनी डॉक्टर, बढ़ाया नगर का मान

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।



नगर की प्रतिष्ठित फर्म सुनिल टायर के संचालक अरुण अग्रवाल की सुपुत्री ईशा अग्रवाल ने बलिराम कश्यप मेमोरियल गवरमेंट मेडिकल कॉलेज जगदलपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूर्ण कर नगर को गौरान्वित किया है। एमबीबीएस डॉक्टर बनने से उनके परिजनों रिश्तेदारों और बाल सखाओं ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य किंकमन की है। डॉ.ईशा अग्रवाल प्रारम्भ से ही मेधावी छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा ओपी जिंदल स्कूल एवम यूनिसन वर्ल्ड स्कूल देहरादून में पूर्ण की। ईशा ने अपने पहले ही प्रयास में नीट की परीक्षा पास करके जगदलपुर मेडिकल कॉलेज में प्रवेश लिया। डॉ. ईशा अग्रवाल ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है। ईशा अग्रवाल की सफलता में उनकी माताश्री संगीता अग्रवाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

### एसपी ने थानेदार और एएसआई को किया सस्पेंड

**रायपुर** । जिले के एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने कानून को मजाक समझने वाले एक थानेदार और एएसआई को सस्पेंड कर दिया है। बताया जा रहा है कि एक युवक को बिना किसी अपराध के 24 घंटे से अधिक वक्त तक थाने में पुलिस कस्टडी में रखा गया। थानेदार ने इस बात की जानकारी किसी सीनियर अधिकारी को भी देना उचित नही समझा गया। इस बात की जानकारी लगते ही एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने जांच के बाद थानेदार और एक एएसआई को तत्काल प्रभाव से सस्पेंड कर दिया है।

जांच में बिना किसी ठोस कारण के अनिल विश्वकर्मा को थाने में लाकर पुलिस हिरासत में रखना पाया गया। इस पूरे मामले को रोजनामचा में भी दर्ज नही किया गया था। इसके साथ ही ना तो इस प्रकरण की जानकारी थानेदार ने किसी सीनियर अधिकारी को देना पाया गया। जांच रिपोर्ट में हुए खुलासे के बाद एसपी सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना प्रभारी तेज प्रताप यादव और एएसआई कुंवर साय पैकरा को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। एसपी के इस आदेश के बाद पुलिस विभाग में हड़कंप मचा हुआ है।

## कोटपा अधिनियम के तहत मानिकपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में की गई कार्यवाही

**कोरबा** । कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केशरी के निर्देशानुसार डॉ. कुमार पुष्पेश नोडल अधिकारी एनटीसीपी के नेतृत्व में राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. मानसी जायसवाल, जिला सलाहकार (एनटीसीपी) श्री सुनील कुमार सांडे ड्रग इंपेक्टर श्री प्रेमचंद साहू, थाना प्रभारी मानिकपुर की संयुक्त टीम के द्वारा मानिकपुर थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में कोटपा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। सीएमएचओ ने बताया कि मानिकपुर थाना क्षेत्र के 11 जगह कोटपा अधिनियम के तहत कार्यवाही किया गया है। जिसके अंतर्गत 08 चालानी कार्यवाही में 1000 रूपये वसूल किया गया। साथ ही 03 स्थानों पर समझाइश दी गई।

इस दौरान आमजनों को कोटपा एक्ट-2003 के धारा 04 के तहत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध, धारा 5 के तहत सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादन के विज्ञापन पर प्रतिबंध, धारा 6 के तहत नाबालिकों और शैक्षणिक संस्थानों के आसपास सिगरेट या अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्रि पर प्रतिबंध, बिना विशिष्ट स्वास्थ्य चेतावनियों के सिगरेट और अन्य तम्बाकू उत्पादों की बिक्री पर प्रतिबंध के संबंध में जानकारी दी गई।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में फर्जीवाड़ा को लेकर जिला प्रशासन को सौंपा ज्ञापन

विमित कृषकों से अवैध उगाही के संबंध में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख एवं प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य दाऊ राम चौहान ने मीडिया के सामने बताया कि जिला बेमेतरा नवागढ़ विधानसभा व ब्लॉक स्तरों पर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत बिमित कृषकों व अन्य कृषकों से नवागढ़ ब्लाक के पटवारी, व कृषि ग्रामीण विस्तार अधिकारियों के द्वारा 500 से लेकर 1000 तक प्रत्येक बिमित कृषक व अन्य कृषक से अवैध वसूली किया गया जिसकी शिकायत लगातार मिलते रहा आगे चौहान ने बताया कि नवागढ़ विधानसभा क्षेत्र के ऐसे कई गांव में जिसमें ग्राम कामता, धनौरा, लालपुर, ढनढनी, हरमूड़ी, कवराकापा, बोड़तरा, के किसानों से प्रधानमंत्री फसल बीमा की क्लैंप राशि दिलवाने के नाम पर ग्राम के कुछ व्यक्तियों को कमीशन व लालच देकर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व हल्का पटवारीयो के द्वारा सूचीबद्ध तरीके से घर-घर जाकर प्रति एकड़ 500 से लेकर 1000 तक की राशि वसूली कराने का बात कही उक्त ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी व पटवारी के द्वारा फसल बीमा के नाम से वसूली कराया गया है जिसकी शिकायत छत्तीसगढ़ शिवसेना जिला बेमेतरा प्रमुख दाऊ राम चौहान ने जिला प्रशासन कलेक्टर को ज्ञापन देकर अपील की गई है कि प्रधानमंत्री फ सल बीमा योजना में विमित कृषकों से अवैध उगाही के संबंध में जिला स्तरीय जांच टीम गठित कर उचित कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है ।



## विधायक रामकुमार टोप्पो जनसंपर्क दौरे पर मैनपाट पहुंचे, विभिन्न कार्यक्रमों में हुए सम्मिलित

जोहार छत्तीसगढ़-सीतापुर।

सीतापुर विधानसभा के विधायक रामकुमार टोप्पो अपनी विधानसभा क्षेत्र मैनपाट के दौरे पर रहे। जहां लोगों ने बड़ी उत्साह के साथ विधायक रामकुमार टोप्पो का स्वागत किया, विधायक सभी को धन्यवाद देते हुए,



वहां उपस्थित आम लोगों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं से अवगत हुए,आपको बता देंए छत्तीसगढ़ विधानसभा सत्र से लौट के बाद विधायक रामकुमार टोप्पो अपने विधानसभा क्षेत्र मैनपाट के दौरे पर रहे। और विभिन्न कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए, वही विधायक रामकुमार टोप्पो पथराई बॉक्साइट खनन केन्द्र पहुंचे, जहां उन्होंने खदान और धर्म कांटा का औचक निरीक्षण किया, और खदान में काम कर रहे मजदूरों से बात की और मजदूरों को होने वाली समस्याओं की जानकारी ली, वहीं मजदूरो को हाथ में बिना किसी सुरक्षा के काम करते देख उन्होंने हाथ में ग्लव्स पहने और अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक करने की सलाह दी। वही रोपाखार में ग्रामीणों की सुविधा और पानी की समस्या को देखते हुए, आज मैनपाट रोपाखार में जल जीवन मिशन के तहत पानी टंकी निर्माण के लिए ग्रामीणों की उपस्थिति में विधायक रामकुमार टोप्पो ने पानी टंकी के लिए भूमि पूजन किया, जिससे ग्रामीणों को आने वाले समय में पानी जैसी समस्याओं से निजात मिल सके।

## 12 मार्च को किसानों को भुगतान की जाएगी धान के अंतर की राशि-मुख्यमंत्री विष्णु देव साय

पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।





12 मार्च को किसानों को धान के अंतर की राशि लगभग 13 हजार करोड़ रुपए का भुगतान किया जाएगा। यह बात मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने जशपुर जिले के फ रसाबहार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम तामामुंडा में स्थित गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप सहित अखिल भारतीय महाकुल यादव, समाज लोकार्पण समारोह में शामिल होने के दौरान कही। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने पत्थलगांव में लिंक कोर्ट प्रारंभ करने की घोषणा भी की। उन्होंने गिरी गोवर्धन पर्वत के सुगम सीसी मार्ग निर्माण के लिए 32 लाख रुपए, फरसाबहार में सांस्कृतिक मंडप के लिए 10 लाख रुपए, शिव मन्दिर से कासाटोली 12 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री साय ने सभा को संबोधित करते हुए कि आज आप लोगों ने जो स्वागत किया है उसे मैं हमेशा याद रखूंगा। मेरा अनेक जगह स्वागत फ लों से, धान से, लड्डुओं, मिठाईयों आदि सामग्रियों से वजन कर किया गया है। मेरे पूरे राजनैतिक जीवन में पहली बार स्वागत घी से तौल कर किया गया। इसके लिए मैं पूरे यदुकुल समाज का आभारी रहूंगा। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि हमने ढाई महीने के अल्पकाल में छत्तीसगढ़ को विकास के पथ पर ले जाने का कार्य किया है। हमने 18 लाख लाख प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत किए। जो युद्ध स्तर में बनना प्रारंभ हो गया है। हमने माताओं को महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सशक्त करने का प्रयास कर रहे है। इस साल हमने रिकार्ड धान की खरीदी की है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बताया कि आने वाले 15 दिनों में तेंदुपत्ता की खरीदी समर्थन मूल्य में हो जाएगी। साथ ही तेंदुपत्ता संग्राहको के लिए चरण पादुका एवं बच्चो के लिए छात्रवृत्ति प्रारंभ की जाएगी। हमने मोदी के गारंटी के तहत कार्य करते हुए लोगों के सपने को साकार करने का कार्य कर रहे है। इस साल बजट में जशपुर क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार पर फ ोकस किए है। जिसमें कुनकुरी में 220 बेड के सर्व सुविधा युक्त हॉस्पिटल का निर्माण किया जाएगा। जिसका कार्य शीघ्र ही प्रारंभ होने वाला है। इसके साथ ही हमने जिले में 4 नए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र स्वीकृत किए है।



गिरी गोवर्धन धाम के सार्वजनिक सांस्कृतिक मंडप एवं अखिल भारतीय महाकुल,यादव समाज के लोकार्पण समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री

जिसका सीधा लाभ निश्चित ही क्षेत्र के जनता को मिलेगा। इस दौरान पत्थलगांव विधायक गोमती साय, पूर्व विधायक भरत साय, पद्मश्री जोगेश्वर यादव,रोहित साय, विजय आदित्य सिंह जूदेव सहित समाज के तीन राज्य छत्तीसगढ़, झारखंड एवं उड़ीसा के प्रदेश अध्यक्ष, गिरी गोवर्धन धाम समिति अध्यक्ष लोचन प्रसाद यादव, जिलाध्यक्ष गणेश यादव सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

# केन्द्र सरकार के जनहित योजनाओं के लाभार्थीयों से बुथ स्तर पर कार्यकर्ता करेंगे सम्पर्क-संतोष उपाध्याय

## भाजपा का लोकसभा चुनाव का आगाज, देवभोग में विस स्तरीय कार्यालय का उद्घाटन

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

19 अप्रैल को चुनाव आयोग के लोकसभा निर्वाचन के घोषणा के बाद भारतीय जनता पार्टी ने अपनी विस स्तर की तैयारी को तेज कर दिया है। विन्द्रानवागढ़ विस के हार के बाद लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा जहां कोई चुक नहीं करना चाहती वहीं बीते 01 मार्च को देवभोग में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के विन्द्रानवागढ़ विस स्तरीय केन्द्रीय कार्यालय का उद्घाटन कर दिया गया। लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय, गरियाबंद के संगठन जिला प्रभारी महेन्द्र पंडित,पूर्व विधायक गोवर्धन मांझी और डमरूधर पुजारी,जिला अध्यक्ष राजेश साहू ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया तो वहीं इस अवसर पर जिला महामंत्री अनिल चंद्राकर, पुनित सिंहा, कुंजबिहारी बेहेरा,रिखीराम यादव,योगेश शर्मा,नेहा सिंघल, चमार पात्र,शोभाचंद पात्र, देशबन्धु नायक,बोधन नायक,शीतला पाण्डेय, चंद्रशेखर सोनवानी सहित देवभोग,गोहरापदर, झाखरपारा,मैनपुर गरियाबंद मण्डल के मंडल अध्यक्ष और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### बूथ स्तर पर लाभार्थी सम्पर्क अभियान चलायेगी भाजपा

विस स्तरीय कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर महासमुंद लोकसभा के सह संयोजक संतोष उपाध्याय ने कहा केन्द्र सरकार के सैकड़ों जनकल्याणकारी योजनाएं हैं जिसका लाभ गांव से लेकर शहर के हर तपके के लोगों को मिला है इस भाजपा बुथ स्तर पर जन सम्पर्क अभियान चलाकर योजनाओं के लाभार्थीयों को पत्रकए स्टीगर और कैलेण्डर सौंपकर उन्हें भाजपा को वोट करने साधेगी वहीं सम्पर्क अभियान के पुष्टि के लिये पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा पार्टी के निर्धारित टोल फ्री नम्बर पर लाभार्थीयों से मिसकाल कराया जायेगा अभियान में मंडल स्तर के सक्रिय कार्यकर्ताओं को इस कार्य में लगाकर 51 प्रतिशत वोट के लक्ष्य को पूरा करेगी।

### मण्डल स्तर पर 250 कार्यकर्ता लेंगे प्रशिक्षण

भाजपा लोकसभा चुनाव को लेकर बड़ी तैयारी में जुट गयी है लाभार्थी सम्पर्क अभियान को सफल करने मण्डल स्तर के 250 चयनित सक्रीय कार्यकर्ताओं को इसका जिम्मा सौंपेगी और उन्हें प्रशिक्षण देकर अभियान को सफल करने लाभार्थियों से सम्पर्क करने गांव के बुथ तक भेजेगी। हालांकि भाजपा के इस अभियान में देवभोग के अभियान मंडल संयोजक नेहा सिंघल ने कुछ कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित कर अभियान की शुरूवात भी कर दी है।

### क्या महासमुंद फिर से भाजपा की झोली में

*महासमुंद लोकसभा सीट पर आजादी के बाद से छह बार कांग्रेस का कब्जा रहा है और पिछले तीन पंचवर्षीय कार्यकाल भाजपा का कब्जा रहा है वर्तमान में भाजपा के चुन्नीलाल साहू सांसद हैं इसबार दावेदारों की बहुलता है। ऐसे में देखना होगा भाजपा किसे टिकट देती है हालांकि रिपोर्ट कार्ड के अनुसार महासमुंद लोकसभा सीट पर भाजपा फतह हासिल कर लेगी विस स्तरीय कार्यालय उद्घाटन के अवसर पर कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला भाजपा के लोकसभा सह संयोजक संतोष उपाध्याय और विस प्रभारी महेन्द्र पंडित मोदी सरकार के कल्याण कारी योजनाओं और कार्यकर्ताओं के उत्साह के बुते सीट पर जीत हासिल करने का दावा किया है।*

## एक नजर

### जिला किसान मोर्चा मंडल ग्रामीण की संयुक्त बैठक में कई मुद्दों पर चर्चा

**बालोद।** जिला भाजपा कार्यालय जुंगेरा बालोद में आज दिनांक 01-03-2024 को जिला किसान मोर्चा एवं ग्रामीण भाजपा मंडल बालोद के संयुक्त रूप से बैठक रखी गई जिसमें किसान मोर्चा की ओर से आगामी 9 मार्च को वृहद किसान सम्मेलन राजधानी रायपुर में आयोजित होना तय हुआ है। जिसके लिए आने-जाने की व्यवस्था सहित पूरी रूपरेखा बनाई गई। जिसमें प्रमुख रूप से जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए अपनी बात रखी वहीं ग्रामीण मंडल बालोद के द्वारा मंडल के समस्त बूथ हेतु लाभार्थी संपर्क प्रभारी बनाया गया उनके लिए कार्यशाला का भी आयोजन था। जिसमें उनका बूथ में जाकर के लाभार्थी से कैसे संपर्क करनी है मोदी जी की योजना का कैसे लाभ मिला और कैसे परिवर्तन हुआ इन सदस्यों को लेकर के आगामी 5 दिनों के अंतर्गत सभी प्रभारी गण बूथों में जाएंगे और उनको जो भी पत्र दी गई है उसे पत्र का वितरण करेंगे साथी उनसे फीडबैक लेकर के दिल्ली भेजी जाएगी। इस बैठक में प्रमुख रूप से जिला भाजपा के अध्यक्ष पवन साहू किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष तोमन साहू मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू वरिष्ठ नेता छगन देशमुख जिला उपाध्यक्ष श्री राकेश यादव जिला पंचायत सदस्य कृतिका साहू, प्रदेश कार्य समिति किसान मोर्चा सालिक जगदीश देशमुख जिला महामंत्री हेमंत साहू,मनोहर सिन्हा,मण्डल महामंत्री दानेश्वर मिश्रा,चित्रसेन साहू के साथ साथ जिला किसान मोर्चा के उपाध्यक्ष रमेश सोनवानी लीलाराम सोनबेर मदन बठई रोमन सोनकर दिनेश साहू गणेश साहू पन्नालाल साहू उमेश विश्वकर्मा सुरेश देशमुख शंकर साहू संदीप बाजपेई शिवेंद्र देशमुख अश्ववान बराले कमलेश गौतम गौतम साहू पार्थ साहू छगन साहू. लिखन साहू राजू पटेल साबू पटेल अरुण साहू संदीप साहू विकाश साहू भोला साहू आदि उपस्थित रहे।

### वरिष्ठ समाजसेवी राजू पटेल भाजपा व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक नियुक्त

#### जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू ने सौपा नियुक्ति पत्र



**बालोद।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव एवं संगठन महामंत्री पवन साय एवं व्यवसायिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक प्रदीप सिंह की सहमति से जिला भाजपा अध्यक्ष बालोद पवन साहू ने बालोद के समाजसेवी एवं नगर पालिका परिषद बालोद के वार्ड नंबर 12 के पार्षद तथा चेंबर ऑफ कॉमर्स के जिला अध्यक्ष राजू पटेल को भारतीय जनता पार्टी व्यवसायिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक के पद पर जिला भाजपा कार्यालय बालोद में नियुक्ति पत्र सौपा राजू पटेल की नियुक्ति पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने भी उनको प्रदेश कार्यालय में आशीर्वाद एवं बधाई दी जिला भाजपा कार्यालय में उन्हें बधाई देने वालों में भाजपा नेताओं में छगन देशमुख, जिला उपाध्यक्ष राकेश यादव, मंडल अध्यक्ष प्रेम साहू, रूपेश सिन्हा, राकेश द्विवेदी ,तोमन साहू, लोकेश श्रीवास्तव, पालक ठाकुर, जगदीश देशमुख, संदीप साहू, संजय साहू, युसूफ खान ,कमल पनपालिया, चंद्रिका प्रसाद दुबे ,संतोष शर्मा ,धीरज दुबे, शंभू पटेल ,मनोज चांडक, धीरूभाई पटेल ,नरेंद्र साहू ,दुर्जन साहू, हरीश दहिया, प्रकाश नाहर, ओमप्रकाश शर्मा ने इस नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा कि उनकी नियुक्ति पर पार्टी और अधिक मजबूत होगी राजु पटेल पार्टी के लिए समर्पित नेता है सभी ने उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मुह मिठा कराकर भाजपा दुपट्टे, पुष्प हार पहना कर सम्मानित किया।

### अलग-अलग क्षेत्र से तीन नाबालिग लड़किया लापता

**रायपुर ।** शहर के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन नाबालिग लड़कियां लापता हो गई है। परिजनों की शिकायत पर तीनों ही मामलों में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार चंगोराभाठा निवासी 36 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 14 वर्षीय पुत्री को अज्ञात व्यक्ति ने बहला फुसलाकर भगा ले गया है। इसी तरह खमतराई थाना में भनपुरी निवासी 40 वर्ष प्रार्थी ने शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री को अज्ञात आरोपी ने भगा ले गया है। वहीं दूसरे मामले में रावाभाठा निवासी 50 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 17 वर्षीय पुत्री को अज्ञात व्यक्ति बहला फुसलाकर भगा ले गया है। तीनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

# महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 अंतर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला आयोजित




**जांजगीर-चांपा।** महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 अंतर्गत जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय की अध्यक्षता में एक दिवसीय प्रशिक्षण सह-कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यशाला में श्रीमती अनिता अग्रवाल, जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) के द्वारा कार्यशाला के उद्देश्य के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये समस्त प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के संबंध में अपने स्तर पर जागरूकता फैलाने हेतु कहा गया। उक्त कार्यक्रम में श्रीमती कमलेश त्रिपाठी सहायक लोक अभियोजन अधिकारी नवागढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.) द्वारा महिलाओं को प्राप्त संवैधानिक अधिकार, भारतीय दण्ड संहिता एवं महिलाओं का कार्यस्थल लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध और प्रतितोष) अधिनियम, 2013 के प्रावधानों के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी गयी। कार्यशाला में जिला स्तरीय स्थानीय शिकायत समिति की अध्यक्ष श्रीमती तान्या अनुरागी पाण्डेय द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित समस्त प्रतिभागियों को जिला स्तर पर गठित स्थानीय शिकायत समिति एवं आंतरिक शिकायत समिति के कार्यदायित्वों एवं समिति के द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में जानकारी प्रदान करते हुये समस्त प्रतिभागियों के बीच परिचर्चा की गयी।


जिला स्तरीय गठित स्थानीय शिकायत समिति की सदस्य श्रीमती रिशीकांता राठौर एवं श्रीमती नम्रता नामदेव के द्वारा गठित समिति के बारे में वृहद रूप से प्रचार-प्रसार कर महिलाओं को जागरूक करने हेतु कहा गया। स्वास्थ्य विभाग जिला जांजगीर-चांपा से उपस्थित डॉक्टर श्रीमती ममता जगत द्वारा अपने उद्बोधन में महिलाओं के साथ हुई घटना के बारे में जानकारी यथाशीघ्र संबंधित समिति के संज्ञान में देने की बात कही गयी।

# मानसिक दिव्यांग विष्णु सहाय ने यूपी में हो रहे स्पेशल ओलंपिक में छः ग को कांस्य दिला इतिहास रचा

## उन्नायक सेवा समिति के तत्वधान में संचालित घरौंदा संस्था में दो सालों से निवासरत हैं विष्णु सहाय

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

**उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित घरौंदा संस्था में पिछले दो बरस से निवास रत मानसिक रूप से दिनव्यांग विष्णु सहाय ने उत्तर प्रदेश के कानपुर में हो रहे स्पेशल ओलंपिक भारत का वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए दो गोल्ड एवं एक कांस्य पदक दिलाकर इतिहास रच दिया।**




पिछले दो दशकों से अपना जीवन बेसहारा बच्चों के लिए समर्पित करने वाले उन्नायक सेवा समिति के डायरेक्टर सिद्धांत मोहंती ने इस संबंध की जानकारी देते हुए बताया उन्नायक सेवा समिति द्वारा संचालित घरौंदा संस्था को समाज कल्याण विभाग द्वारा मान्यता दी गई है एवं यह संस्था अनुदान प्राप्त हैं। दिव्यांग वयस्क लड़को के बौद्धिक एवं विकासात्मक गतिविधियों के लिए कौहाकुंडा में स्थित घरौंदा नामक संस्था आजीवन आश्रय गृह का संचालन करती है। ऐसे वयस्क दिव्यांग जन एवम बेसहारा निराश्रित जिनका लालन पालन माता-पिता द्वारा संभव नही हो पाता है ऐसे लोगों के लिए यह संस्था संजीवनी साबित हो रही है। ऐसे दिव्यांग जनों के पुनर्वास हेतु संस्था द्वारा मूलभूत सुविधा के अतिरिक्त अन्य गतिविधियों हेतु भी निरंतर प्रयत्नशील रहती है यही वजह है कि विष्णु सहाय ने कानपुर में हुए स्पेशल ओलंपिक भारत का वेट लिफ्टिंग चैंपियनशिप में कांस्य पदक हासिल कर छत्तीसगढ़ राज्य का नाम रोशन किया। राज्य में 11 जिलों में संचालित घरौंदा में रायगढ़ में संचालित घरौंदा के विष्णु सहाय ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया। घरौंदा में निवासरत ऐसे वयस्क दिव्यांग जनों के लिए तन मन धन से समर्पित प्रबंधक नेहा सिन्हा विष्णु सहाय की इस उपलब्धि पर बेहद प्रसन्न है उन्होंने इस संबंध में जानकारी देने हुए बताया कि वर्तमान में 36 दिव्यांग जन निवासरत है। डायरेक्ट सिद्धांत मोहंती के मार्गदर्शन पर दिब्यांग जनों का विशेष ध्यान रखा जाता है। संस्था के द्वारा मानसिक विकास की गतिविधियां निरंतर संचालित की जाती है।

वर्ष 2022 के दौरान 18 वर्ष पूरा होने पर विष्णु सहाय को माना कैंप रायपुर के कर्मचारी द्वारा घरौंदा रायगढ़ भेजा गया था। मानसिक दिव्यांग होने के बावजूद विष्णु सहाय अपनी दिनचर्या के प्रति अन्य बच्चों की तुलना में बहुत अनुशासित है। सुबह उठकर दैनिक दिनचर्या से निवृत होकर, योगा में शामिल होना उसकी दिनचर्या रही। मंदबुद्धि के लिए स्पेशल क्लास में विष्णु सहाय नियमित शामिल होता रहा। समय पर खान पान के साथ-साथ दोपहर की वोकेशनल क्लासेज में सिखाई जाने वाली एक्टिविटी को भी विष्णु सहाय बड़े ध्यान से सीखता रहा। हर दिन शाम को आयोजित होने वाले आउटडोर एक्टिविटी के खेलकूद में भी विष्णु सहाय की विशेष रुचि रही। विष्णु सहाय के ट्रेनर ललित भोई, बासुदेव सेठ ने बताया विष्णु सहाय के अनुशासन और खेलो के प्रति रुझान को देखते हुए उसे विशेष ट्रेनिंग दी गई यही वजह है कि उसने अपने बलबूते कांस्य पदक हासिल किया।

# छत्तीसगढ़ 10वीं बोर्ड की परीक्षा शुरू,जिले से 13700 से ज्यादा परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल द्वारा आयोजित हाईस्कूल परीक्षा 2024 में 2 मार्च शनिवार से शुरू हो गयी। वहीं, 12वीं की परीक्षा एक मार्च से शुरू हो चुकी है। 12वीं बोर्ड की परीक्षा 23 मार्च तक चलेगी। वहीं 10वीं बोर्ड की परीक्षा 21 मार्च तक चलेगी। शुक्रवार को 12वीं का पहला पेपर हिंदी का हुआ। वही आज शनिवार को 10वीं का भी पहला पर्चा हिंदी का हुआ। परीक्षा के लिए जिले में 77 केन्द्र बनाये गये है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद्र मिश्रा ने बताया कि कक्षा 10 वीं में कुल दर्ज 13999 में 13749 प्रविष्ट एवं 250 अनुपस्थित थे। जिला प्रशासन द्वारा गठित निरीक्षण दल द्वारा परीक्षा केन्द्रों का सघन निरीक्षण किया गया। केन्द्राध्यक्षों से प्राप्त जानकारी के अनुसार नकल प्रकरण निरंक है, परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से सुव्यवस्थित रूप से संचालित हुई। उपसंचालक कृषि एमडी डडसना द्वारा परीक्षा केन्द्र टेमरी, नादंघाट, मारो, नवागांव का एसडीओ पीडब्लयूडी भावेश सिंह ने परीक्षा केन्द्र आनंदगांव, सरदा, कुसमी, बारगांव का जिला खनिज अधिकारी अर्चना ठाकुर द्वारा परीक्षा केन्द्र जनता भिंभौरी, गुघेली, गोड़गिरी निरीक्षण किया। ए एसडीओ पीएचई रूपेश कुमार द्वारा परीक्षा केन्द्र बालक साजा, कन्या साजा, बालक थानखम्हरिया, कन्या थानखम्हरिया, सरस्वती शिशु मंदिर थानखम्हरिया का, प्रबंधक नागरिक आपूर्ति अल्का शुक्ला द्वारा परीक्षा केन्द्र बैजलपुर, कठिया रांका, जेवरा का एन,के साहू श्रम अधिकारी द्वारा परीक्षा केन्द्र खण्डसरा, बालक दाढी, कन्या दाढी, कारेसरा का विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी बेमेतरा द्वारा परीक्षा केन्द्र बावामोहतरा, बालसमुन्द, कुसमी का और नायब तहसीलदार राजश्री पांडे ने गुरबोर्ड केंद्र का निरीक्षण किया गया।

# प्रतीक गोयल को मिला छत्तीसगढ़ साइंटिस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड

जोहार छत्तीसगढ़-खरसिया।

**रायपुर के नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में 19 वां छत्तीसगढ़ यंग साइंटिस्ट कांग्रेस का आयोजन हुआ। जिसमे अलग-अलग जगह से यंग साइंटिस्ट एकत्रित हुए।**




उक्त आयोजन में 20 विभिन्न क्षेत्रों में युवा रिसर्चर्स ने छत्तीसगढ़ एवम देश को और सशक्त बनाने हेतु अपने-अपने नवाचार पूरे देश से आए आईआईटी एवम एनआईटी के प्रोफेसर्स के सामने प्रस्तुत किया। प्रतीक वैसे अभी छत्तीसगढ़ एवम देश में स्थापित अनेक लोह और इस्पात उद्योग से जो स्टील स्लैग निकलता है उसका उपयोग भविष्य में गिट्टी के रूप में कैसे किया जाए जिससे स्लैग से होने वाले पर्यावरण प्रदूषण और गिट्टी के लिए खनिज संसाधनों का दोहन कम किया जा सके पर कार्य कर रहे है, दूसरी ओर वे फ्लाई एश राखड़, की सहायता से सीमेंट का भी विकल्प निकालने पर भी रिसर्च कर रहे है। प्रतीक ने बताया कि 1 टन सीमेंट के उत्पादन में लगभग 1 टन कार्बन डाइऑक्साइड गैस का उत्सर्जन होता है क्योंकि सीमेंट में लगने वाले चुना को 1450 डिग्री तापमान से प्रोसेस कर सीमेंट निर्माण किया जाता है जिससे पर्यावरण को काफी नुकसान होता है ये समय अब दूर नहीं की घर बनाने में अब सीमेंट के साथ कोई और विकल्प से घर निर्माण किया जा सकेगा। उनका यह कार्य विश्व में प्रख्यात पत्रिका ऑस्ट्रेलियन जर्नल ऑफ स्ट्रक्चरल इंजीनियरिंग में प्रकाशित भी हुआ है। इनकी यही रिसर्च प्रतिभा के लिए ये सम्मान आईआईटी भिलाई के डायरेक्टर प्रो. राजीव प्रकाश, सीजीकॉस्ट के डायरेक्टर जनरल एस एस बजाज, सीएसवीटीयू के वाइस चांसलर प्रो. एम के वर्मा और एनआईटी रायपुर के डायरेक्टर प्रो. एन वी रामना राव के हाथो से मिला। यह पूरा कार्यक्रम एनआईटी रायपुर और छत्तीसगढ़ काउंसिल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी के द्वारा आयोजित किया गया। प्रतीक अभी भोपाल में अपनी रिसर्च में अध्यनरत है वे यूनिवर्सिटी टीचिंग डिपार्टमेंट सीएसवीटीयू भिलाई से सिविल इंजीनियरिंग में पीएचडी कर रहे है। प्रतीक ने अपनी सफलता का श्रेय अपने इष्ट देवए गुरु, प्रोफेसर, और माता-पिता को दिया है।

# अमृत सरोवर के क्रियान्वयन में पेड़ों की धर्राशायी होने की अनोखी दास्तां

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

**क्षेत्र में जनहित को ढाल बनाकर अवैध गतिविधियों को अंजाम देने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। निजी उपक्रमों द्वारा नियम कानून की अनदेखी कर परियोजना संचालन के कई मामले सामने आ चुके हैं।**







जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

लेकिन अब जो मामला सामने आया है वह केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना से जुड़ा हुआ है। जिसमें प्रभावित क्षेत्र में स्थित ईमारती प्रजाति के पेड़ों को हटाने के लिए विधिवत प्रक्रिया के पालन से परहेज करते हुए उन्हें जड़ समेत हटा दिया गया। मामला धरमजयगढ़ ब्लॉक के ग्राम पंचायत नवागांव का है। जहां मनरेगा योजना के तहत अमृत सरोवर तालाब निर्माण कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के लिए जिस स्थान का चयन किया गया है। वहां पर साल के 2 पेड़ कार्यस्थल के बीच में खड़े थे। निर्माण के दौरान दोनों पेड़ जड़ सहित गिर गए। इस मामले में हास्यास्पद स्थिति तब बन गई, जब धरमजयगढ़ मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी ने पहले पेड़ों की कटाई की अनुमति लेने की बात कही। वहीं, संबंधित रोजगार सहायक द्वारा पहले किसी अधिकृत प्राधिकार के हस्ताक्षर के बिना एक कथित पंचनामा की कॉपी साझा किया गया। बाद में रोजगार सहायक ने संबंधित सरपंच व वन प्रबंधन समिति के अध्यक्ष का हस्ताक्षर युक्त पंचनामा भेजा। इस पंचनामा में यह उल्लेख किया गया है कि संबंधित अमृत सरोवर तालाब में 2 नग साल का पौधा क्षतिग्रस्त हो कर गिर गया। जिससे वहां कार्यरत मजदूरों को काम करने में समस्या आ रही थी। इसके बाद कार्य के दौरान पूर्व में लिए गए तालाब में खड़े 2 साल वृक्ष की सामने आने पर मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी एके सोनकर ने कहा कि तालाब का काम हुआ है और कार्य के दौरान पेड़ों की नींव कमजोर हो गई। जिसके कारण दोनों पेड़ गिर गए जिन्हें साइड में रखा गया है। पेड़ों की नींव कमजोर हुई या जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली दुर्बल एक जिम्मेदार अधिकार कार्य के दौरान 2 इमारती पेड़ों के धर्राशायी हो जाने का यह बयान, एक वृक्ष सौ पुत्र समान की परिकल्पना के बिलकुल विपरीत नजर आता है। भले ही यह पर्यावरण संरक्षण की दिशा में चिंताजनक हो सकता है। लेकिन मुख्य मसला यह भी है कि कीमती व संरक्षित प्रजाति के पेड़ों की कटाई की अनुमति की प्रक्रिया से बचाव का एक विशेष हथकंडा भी साबित हो सकता है। अब इस मामले में जिम्मेदार उच्चाधिकारियों को तय करना चाहिए कि इस कार्य के दौरान पेड़ों की नींव कमजोर हुई है या तय नियम के अनुपालन का आधार दुर्बल हुआ है।



## एक नजर

### राज्य शासन के निर्देश पर सीएमओ राजेश पांडेय ने ठेकेदारों को दिया नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।

राज्य सरकार के वित्त और नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के निर्देशानुसार नगरपालिका परिषद सारंगढ़ में मुख्य नगर पालिका अधिकारी राजेश कुमार पांडेय द्वारा कार्यरत ठेकेदारों को अधोसंरचना मद के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से 2023-24 तक के प्रगतिरत विभिन्न निर्माण कार्यों को मार्च 2024 के अंतिम तक पूर्ण करने हेतु नोटिस जारी किया है। साथ ही ठेकेदारों को अवगत कराया है कि 31 मार्च 2024 तक कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति में ठेकेदार के द्वारा जमा अमानत राशि को राजसात करते हुए ऐसे ठेकेदारों का नाम ब्लैकलिस्टेड किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा शासकीय व्यय में मितव्ययिता बरतने के संबंध में समय सीमा पर निर्देश जारी किये गये है। इसी अनुकम में पुन: वित्तीय अनुशासन की दृष्टि से वित्त विभाग द्वारा निर्देश जारी किये गये हैंए जिसमें कहा गया है कि इस परिपत्र के जारी होने के दिनांक से राज्य बजट से वित्त पोषित सभी अप्रारंभ निर्माण कार्यों को वित्त विभाग की पुन: सहमति के उपरांत ही प्रारंभ किया जावे। इस निर्देश के पालन में नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने अधोसंरचना मद एवं राज्य प्रवर्तित योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2019-20 से वर्ष 2023-24 में स्वीकृत कार्य जो अप्रारंभ है, को निरस्त किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी आयुक्त नगरपालिक निगम और सभी सीएमओ को पत्र जारी कर कहा है कि यदि नगरीय निकायों में अप्रारंभ या निरस्त किये गये कार्य निकाय की प्राथमिकता में हो तो प्रस्ताव में पुन: शामिल कर विभाग द्वारा जारी दिशा-निर्देश के मदवार पृथक.पृथक नवीन पूर्ण प्रस्ताव संचालनालय या राज्य शहरी विकास अभिकरण को भेजें।

### एसडीएम वासु जैन ने 31 किसानों को दिया 27 लाख 93 हजार का भू-अर्जन पुनर्वास अनुदान

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।



आईएएस वासु जैन एसडीएम सारंगढ़ ने नहर निर्माण हेतु अधिग्रहित भूमि से जुड़े 31 किसानों को कुल 27 लाख 93 हजार 294 रुपए का भूअर्जन पुनर्वास अनुदान प्रदान किया गया। यह अनुदान जल संसाधन विभाग द्वारा लात नाला व्यपवर्तन योजना के तहत दिया गया। इसमें ग्राम हसौद के 21 किसानों को 16 लाख 50 हजार 030 रुपए, ग्राम खैरझिटी के 6 किसानों को 5 लाख 16 हजार 247 रुपए और ग्राम टांगर के 4 किसानों को 6 लाख 27 हजार 017 रुपए प्रदान किया गया।

### मैरिज हॉल से रुपयों से भरा बैग पार

**रायपुर** । माना स्थित जैनम मानस भवन में शादी कार्यक्रम में रुपयों से भरा बैग को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी कमल कुमार जैन टैगोर नगर कोतवाली का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी कल दोपहर शादी कार्यक्रम में शामिल होने माना स्थित जैनम मानस भवन आया था। जहां फोटो सेशन के दौरान प्रार्थी ने अपना रुपयों से भरा बैग को सोफा में रखा था, जिसे अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बैग में करीब 1 लाख 90 हजार रुपए था। प्रार्थी की शिकायत पर माना पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 454, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कलेक्टर कार्तिकेया गोयल ने केलो नहर परियोजना का लिया जायजा

उद्यान का भ्रमण कर रख-रखाव की सराहना की

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।





कलेक्टर कार्तिकेया गोयल दिलीप सिंह जूदेव वृहद सिंचाई परियोजना (केलो डैम) पहुंचे। यहां उन्होंने केलो डैम की कुल सिंचित रकबा साथ ही नहर की मैप के अवलोकन के माध्यम से लाइन डायग्राम में विभिन्न स्थानों में शेष नहर निर्माण कार्यों की जानकारी विभागीय अधिकारियों से ली। उन्होंने मुआवजा प्रकरण बनाने एवं नहर परियोजना में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिससे जिले में सिंचित रकबा में विस्तार किया जा सके। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, अपर कलेक्टर राजीव कुमार पाण्डेय उपस्थित रहे। कलेक्टर गोयल ने केलो डैम के मेड एवं ड्रेनेज का अवलोकन करते हुए, उनके ड्रेनेज की मरम्मत एवं सफाई कार्य के इस्टीमेट बनाने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने डैम के फाटक के कार्यविधि एवं मेंटेनेस की जानकारी ली। साथ ही टूरिज्म की संभावना पर चर्चा करते हुए सीईओ जिला पंचायत यादव से कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने डैम में स्थित रेस्ट हाऊस का भी निरीक्षण किया। उन्होंने भवन के अधूरे कार्यों पर नाराजगी जताते हुए। कार्यों की जानकारी उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। जिससे रेस्ट हाऊस का उपयोग किया जा सके। इस अवसर पर केलो परियोजना के विभिन्न सब डिवीजन से एसडीओ एस.आर.महिलाने, एस.के.पाण्डेय, एन.के.डाहिरे, डी.डी.पटेल एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### उद्यान का किया भ्रमण

कलेक्टर गोयल ने निरीक्षण के दौरान विभाग द्वारा संचालित उद्यान का निरीक्षण किया। कलेक्टर गोयल ने उद्यान का भ्रमण कर रख-रखाव की सराहना की और उद्यान का मेंटेनेस इसी तरह बनाये रखने कहा गया।

### घर से 13 तोला सोने के जेवर पार

**रायपुर** । सी 22 मेन रोड शैलेन्द्र नगर स्थित मकान से अज्ञात चोर ने 13 तोला सोने के जेवर पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी वरूण जैन 24 वर्ष सी 22 मेन रोड शैलेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी ने थाना में शिकायत किया कि 22 से 25 फरवरी के मध्य अज्ञात चोर ने प्रार्थी के घर के आलमारी में रखे 13 तोला सोने का जेवर पार कर दिया है। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 2 लाख रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## कलेक्टर साहू ने 5 साल तक के बच्चों को पोलियो दवा पिलाने की अपील की

जोहार छत्तीसगढ़-सारंगढ़ बिलाईगढ़।






कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने जिलावासियों को अपने जन्म से 5 साल तक के समस्त बच्चों को पोलियो दवा की खुराक पिलाने की अपील की है। जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू के निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला के मार्गदर्शन में 3 मार्च से 5 मार्च तक चलने वाली सघन पल्स पोलियो अभियान के प्रथम दिवस बूथ में 0 से 5 वर्ष के सभी बच्चो को पोलियो की अतिरिक खुराक दी जाएगी। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. रितेश कुमार सेन ने बताया कि तीनों ही विकासखंड में पल्स पोलियो की माइक्रोप्लांन बनाकर पल्स पोलियो की खुराक पिलाने वाले दल साथ में मॉनिटरिंग करने के लिए सुपरवाइजर के सदस्यों का प्रशिक्षण पूर्ण कर लिया गया है। आवश्यक लॉजिस्टिक एवं पोलियो की खुराक राज्य से जिले को प्राप्त हो चुकी है, जिसे तीनों विकासखंड के कोल्ड चेन प्वाइंट को भेजा जा चुका है, जिससे कार्यक्रम के दौरान किसी भी सामग्री या टीका की कमी नहीं होगी। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने बताया कि जिले के जिले में 0 से 5 वर्ष के 77767 बच्चों को इस वर्ष पल्स पोलियो की खुराक देने का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। ये लक्ष्य वर्ष 2022 में चलाए गए पल्स पोलियो अभियान का उपलब्धि थाए जो इस वर्ष के लक्ष्य माने जायेंगे जिसके लिए 1244 सदस्यों वाली 311 बूथ एवं 622 दल का गठन किया गया है। मैदानी स्तर निगरानी करने के लिए 62 पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए हैं। इन सभी बच्चों को प्रथम दिवस आंगनबाड़ी अथवा गांव के सार्वजनिक स्थलों में अथवा स्कूल में बूथ लगाकर पोलियो की खुराक दी जाएगी एवं प्रथम दिवस बुथ पर पोलियो की खुराक लेने से छूटे हुए बच्चों को 4 और 5 मार्च को जिले के 126307 घरों में भ्रमण कर पोलियो की खुराक दी जाएगी। अभियान दौरान जिले के निर्माण स्थलों, ईंट भट्ठों और घुमंतू बस्तियां आदि के बच्चों को पोलियो की खुराक देने के लिए 25 सदस्यों वाली 11 ट्रांजिट टीम का भी गठन किया गया है। इसके अलावा मेला अथवा बाजार स्थल पर बच्चों को पोलियों की खुराक देने के लिए 3 दल का गठन किया गया है। जिला कार्यक्रम प्रबंधक नंदलाल इजारदार ने बताया कि सभी लॉजिस्टिक, वैक्सीन एवं प्रचार सामग्रियों को तीनों विकासखंड के वितरण स्थल पर पहुंचा दी गई है एवं प्रत्येक विकास खंड स्तर पर बूथ में दवा पहुंचने के लिए रूट मैप तैयार कर ली गई है एवं कार्यक्रम प्रारंभ के पूर्व सभी बूथ के दल सदस्यों के पास आवश्यक सामग्री एवं टीका उपलब्ध करा दी जायेगी।

## उठाव में हुयी देरी, समितियों का डुबाया लुटिया, सुखत के बाद भारी बारिश से भीगे धान में अंकुरण और सड़न

क्यों नहीं हुआ खरीदी के 72 घंटे में उठाव आखिर नुकसान का कौन जिम्मेदार

जोहार छत्तीसगढ़-गरियाबंद।

**जिले के देवभोग और मैनपुर विकासखण्ड में धान खरीदी उपार्जन केन्द्रों में माहभर में उठाव नहीं हो सका उठाव में हो रही लेट लतीफी से जहां समितियों को सुखत की चिंता थी नहीं बीते 27 फरवरी के आंधी तुफान के साथ हुये भारी वारिश से बड़ा नुकसान उठाना पड़ा है।**









राज्य में सरकार के 72 घंटों के भीतर उठाव के निर्देश के बाद भी अभी तक परिवहन कर्ताओं ने उपार्जन का उठाव नहीं किया है ऐसे में समितियां नुकसान झेलने को मजबुर है। वही उपार्जन खरीदी में लगे जिम्मेदार अफसर भी उठाव को लेकर गंभीर नहीं है। समिति प्रबंधको को इस बात का डर सता रहा की सुखत अंकुरण और सड़न से हुये नुकसान का भार उनके सर मढ़ ना दिया जाये।

### कई उपार्जन केन्द्रों में सेड तक नहीं बना रखरखाव में हो रहा दिक्कत

शासन किसानों की सुविधा को ध्यान में रख दर्जनों नयें उपार्जन केन्द्र खोल दिये जहां खरीदें गये उपार्जन के रख रखाव के लिये सेड नहीं बने हैं देवभोग ब्लाक में चार समितियों में देवभोग को छोड़कर बाकी तीन समिति लाटापारा, झाखरपारा, निष्टीगुडा में बीते दो दशक में सेड निर्माण नहीं हो सका वहीं इन समितियों के दिवानमुडा, खोखसरा, घुमरगुडा, भेजीपदर, धौंराकोटसभी बीस से अधिक नये शाखा केन्द्रों में सेड नहीं है ऐसे में उपार्जन केन्द्र और समितियां खरीदी के उपार्जन का रख रखाव कैसे करें यही समिति प्रबंधकों और केन्द्र प्रभारीयों के चिंता और परेशानी का कारण बना हुआ है ।

### समितियों को लाखों का नुकसान होने का अंदेशा उठाव के बाद नुकसान का सही आंकलन

*जहां उठाव में लेट लतीफी के चलते प्रत्येक केन्द्र में 70 से 80 क्विंटल का सुखत आया है वहीं तुफानी भारी वारिश में भींगे धान में अंकुरण और सड़न होने से भी उतने ही नुकसान का अंदेशा है। इस प्रकार समितियों को लाखों का नुकसान होने वाला है पर इस नुकसान को लेकर ना तो जिला प्रशासन गम्भीर है और ना ही परिवहनकर्ता ऐसे में समितियों को हुये इस नुकसान कि जबाबदेही आखिर कौन? लेगा ये तय नहीं हो सका है।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in